दैनिक
बढ़ता राजस्थान
संस्करण:टोंक,जयपुर, अलवर एवं कोटा
• Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ ///
वर्ष : 11 | अंक : 310 | टोंक | शनिवार,27 जुलाई, 2024 | श्रावण, कृष्ण पक्ष सप्तमी संवत्-2081 | भारत सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य :₹1.00 | पृष्ठ : 08
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

भारत नौवीं बार विमेंस एशिया कप के फाइनल में पहुंचा

बांग्लादेश को 10 विकेट से हराया; मंधाना का अर्धशतक, रेणुका-राधा ने 3-3 विकेट लिए

बढ़ता राजस्थान

नई दिल्ली। भारतीय टीम विमेंस एशिया कप के सेमीफाइनल में बांग्लादेश को हराकर नौवीं बार फाइनल में पहुंच गई है। भारत ने सेमीफाइनल में बांग्लादेश को 10 विकेट से हराया। भारत की ओर से स्मृति मंधाना ने 39 बॉल पर 55 रन बनाए। शेफाली वर्मा ने 28 बॉल पर 26 रन की पारी खेली। इससे पहले, बांग्लादेश की ओर से निगार सुल्ताना ने 32 और शोर्ना अख्तर ने नाबाद 19 रन बनाए। सात अन्य बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा भी नहीं पार कर सके। इंडियन पेसर रेणुका सिंह और स्पिनर राधा यादव ने 3-3 विकेट लिए। पूजा वस्त्राकर और दीप्ति शर्मा को एक-एक विकेट मिला। भारतीय टीम नौवीं बार विमेंस एशिया कप के फाइनल में पहुंच गई है। विमेंस एशिया कप की शुरुआत 2004 में हुई थी और टीम इंडिया तब चैंपियन बनी थी। भारत सात बार (2004, 2005, 2006, 2008, 2012, 2016, 2022) टाइटल जीत चुका है। वहीं 2018 में भारत को हराकर बांग्लादेश चैंपियन बना था।

एमपी-यूपी और छत्तीसगढ़ में भी अग्निवीरों को आरक्षण

पुलिस, पीएसी-फॉरेस्ट गार्ड भर्ती में छूट मिलेगी, हरियाणा-उत्तराखंड पहले ही रिजर्वेशन का ऐलान कर चुके

बढ़ता राजस्थान

भोपाल/लखनऊ। मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश और छत्तीसगढ़ सरकार ने सेना के अग्निवीरों को राज्य पुलिस की भर्ती में आरक्षण देने की घोषणा की है। कारगिल विजय के 25 साल पूरे होने पर तीनों राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने इसकी घोषणा की है। हालांकि आरक्षण कितना मिलेगा, इसकी जानकारी नहीं दी गई। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव, यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने शुक्रवार को कहा कि अग्निवीर जब सेना में सेवा के बाद वापस आएंगे तो उन्हें राज्य पुलिस और फॉरेस्ट गार्ड की भर्ती में आरक्षण के साथ छूट दी जाएगी। दो साल पहले केंद्रीय गृह मंत्रालय ने भी बीएसएफ, सीआरपीएफ, ITBP, SSB और CISF में अग्निवीरों को 10% आरक्षण देने की घोषणा की थी। वहीं हरियाणा सरकार अग्निवीरों को 10% आरक्षण देने का फैसला कर चुकी हैं। उत्तराखंड सरकार भी 22 जुलाई को ही अग्निवीरों को आरक्षण देने का ऐलान कर चुकी है।

ढलान में ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटी, 2 किसान की मौत, एक घायल : प्राथमिक उपचार के बाद रेफर

बढ़ता राजस्थान

बाड़मेर। ट्रैक्टर-ट्रॉली में सवार होकर तीन किसान कुतर (पशु चारा) खाली करके जा रहे थे। ढलान में ट्रैक्टर बेकाबू होकर पलट गया। ट्रैक्टर के नीचे दबने से दो की मौत हो गई। वहीं, एक गंभीर घायल हो गया। जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। घटना बाड़मेर जिले के धनाऊ थाना इलाके जानियों की बस्ती रोड आज सुबह की है। पुलिस ने गंभीर घायल को को धनाऊ से बाड़मेर रेफर किया है। वहीं, मृतक के शवों को धनाऊ हॉस्पिटल की मॉर्च्युरी में रखवाया गया। पुलिस ने जांच-पड़ताल शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार बाबुलाल (45) पुत्र करनाराम निवासी सदराम की बेरी, गोविंदराम पुत्र लालाराम आलीसरों की बस्ती सेड़वा और रामनिवास पुत्र सुरजनराम तीनों ट्रैक्टर-ट्रॉली में चारा भरकर धनाऊ गए थे।

लोकसभा में जेडीयू नेता बोले- हमारा गठबंधन फेविकोल का जोड़

ये प्री-पोल अलायंस, हमेशा चलेगा; विपक्ष की हरकतें देख उनका साथ छोड़ आए

बढ़ता राजस्थान

नई दिल्ली। संसद के मानसून सत्र का शुक्रवार (26 जुलाई) को पांचवां दिन था। लोकसभा में बजट पर चर्चा के दौरान पंचायती राज मंत्री ललन सिंह ने कहा- जेडीयू और टीडीपी चुनाव से पहले भाजपा के साथ है। ये प्री-पोल अलायंस है। हमारा अलायंस फेविकोल से जुड़ा हुआ है। ये हमेशा बना रहेगा।

ललन सिंह ने आगे कहा- हम पहले (इन्हीं) विपक्ष के साथ (बिहार में) थे। ये लोग गिद्ध की तरह थे। लेकिन अब छोड़कर जा चुके हैं। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा- 99 का आंकड़ा बड़ा खतरनाक होता है। लूडो खेला है तो जानते होंगे कि अगर सांप काट ले तो नीचे आ जाएंगे।

सुरजेवाला बोले- मोदी सरकार ने 72 करोड़ अन्नदाता किसानों का अपमान किया

संसद से बाहर आने के बाद कांग्रेस सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला ने कहा- देश की संसद में सीधा सवाल पूछा गया कि सरकार स्स्क्ककानून लाएगी या नहीं? जुलाई 2022 से 2024 तक स्स्क्ककानून बनाने के लिए पीएम मोदी ने जो कमेटी बनाई थी, उसकी रिपोर्ट आई है या नहीं? देश के कृषि मंत्री ने इस जवाब को नकार दिया। कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और मोदी सरकार ने आज संसद के पटल पर 72 करोड़ अन्नदाता किसान और मजदूर का अपमान किया है।

बीजेपी सांसद कंगना रनोट बोलीं- हिमाचल के लिए रिलीफ फंड के लिए वित्त मंत्री का आभार

हिमाचल की मंडी से बीजेपी सांसद कंगना रनोट ने कहा- हमारी अर्थव्यवस्था 10 साल में तेजी से बढ़ी है। इस बार का बजट देश के लिए है। विकसित भारत का संकल्प पूरा होगा। हमारे हिमाचल में बाढ़ आई। जन-धन का नुकसान हुआ। वहां की कांग्रेस सरकार लापरवाह है। वित्त मंत्री ने हिमाचल के लिए स्पेशल रिलीफ फंड की घोषणा की है। उनका आभार है।

ललन सिंह बोले- हमारा प्री-पोल अलायंस, ये फेविकोल से जुड़ा हुआ

एनडीए सरकार को लेकर ललन सिंह ने कहा- जेडीयू और टीडीपी चुनाव से पहले भाजपा के साथ है। ये प्री-पोल अलायंस है। हमारा अलायंस फेविकोल से जुड़ा हुआ हो। ये हमेशा बना रहेगा।

पंचायती राज मंत्री ललन सिंह बोले- 99 का आंकड़ा बड़ा खतरनाक होता है

पंचायती राज मंत्री और जेडीयू नेता ललन सिंह ने कहा- हम पहले (इन्हीं) विपक्ष के साथ (बिहार में) थे। ये लोग गिद्ध की तरह थे। लेकिन अब छोड़कर जा चुके हैं। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा- 99 का आंकड़ा बड़ा खतरनाक होता है। लूडो खेला है तो जानते होंगे कि अगर सांप काट ले, नीचे आ जाएंगे।

सभापति धनखड़ बोले- मैं किसानों का दर्द समझता हूं, हंगामा न करें

जगदीप धनखड़ ने कांग्रेस सांसद प्रदीप तिवारी से कहा- आप अन्नदाताओं की इज्जत नहीं करते हैं। चर्चा के दौरान हंगामा कर रहे हैं। मैं किसानों का दर्द समझता हूं। इस पर प्रदीप ने कहा- मैं भी किसान हूं, तब धनखड़ ने जवाब दिया- आप सर्टिफाइड किसान नहीं है। मैं किसान का बेटा हूं।

लोकसभा में प्रश्नकाल- कैंसर से जुड़े सवाल पर जेपी नड्डा ने जवाब दिया

फार्मास्युटिकल टेक्नोलॉजी अपग्रेडेशन असिस्टेंस स्कीम से जुड़े एक सांसद ने सरकार से सवाल किया था। इस पर जेपी नड्डा ने जवाब दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में बनी स्वास्थ्य की नीतियां सही तरीके से चल रही है। कैंसर की दवाइयों को बढ़ाने के लिए सरकार लगातार प्रयास कर रही है।

भाजपा सांसद ने कल कहा था- संविधान खतरे में है

सत्र के चौथे दिन सदन में बांग्लादेशी घुसपैठ का मुद्दा उठा था। झारखंड के गोड्डा से भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने कहा था कि संविधान खतरे में है। हम यहां हंसने की बात करते हैं, पिछड़ों की बात करते हैं, दलितों की बात करते हैं, आदिवासियों की बात करते हैं। सभी सरकारों (चाहें केंद्र की हो या राज्य सरकारें) का एक ही लक्ष्य होता है कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना होता है।

दीपेंद्र हुड्डा का सवाल- सरकार डंकी रूट से विदेश जाने वालों के लिए क्या कर रही

रोहतक से लोकसभा सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा ने नौकरी के लिए बिना वीजा के (डंकी रूट) से विदेशों में जाने वाले युवाओं पर सवाल किया। उन्होंने कहा- 97 हजार युवा पिछले एक साल में अमेरिका में बिना वीजा के गए हैं। वहां 15 लाख भारतीय बिना डॉक्यूमेंट के रह रहे हैं।जवाब में विदेश राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह ने कहा- हमारी सरकार ने बाहर जाने वाले युवाओं के लिए ई-माइग्रेट पोर्टल शुरू किया है। इसमें रजिस्टर्ड करने वालों का डेटाबेस सरकार के पास रहता है। किसी को भी विदेशों में दिक्कत होती है तो सरकार उन्हें मदद करती है। आगे उन्होंने कहा कि यूएस का वीजा सिस्टम काफी स्ट्रांग होने की वजह से हमारे युवा वहां जाने के लिए गलत रास्ते अपनाते हैं।

कारगिल में मोदी बोले- अग्निवीर पर विपक्ष झूठ फैला रहा

द्रास, कारगिल। कारगिल विजय दिवस की 25वीं वर्षगांठ पर शुक्रवार को प्रधानमंत्री मोदी ने लद्दाख में 1999 की जंग के नायकों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने करीब 20 मिनट के संबोधन में पाकिस्तान, आतंकवाद, जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, अग्निपथ योजना और विपक्ष पर बात की। प्रधानमंत्री ने कहा- डिफेंस सेक्टर में रिफॉर्म्स के लिए भारतीय सेनाओं की सराहना करता हूं। उन्होंने कई साहसी फैसले लिए। इसमें अग्निपथ योजना भी शामिल है। दशकों तक संसद में सेनाओं को युवा बनाने पर चर्चा होती रही है। लेकिन हमने इस पर काम किया। कुछ लोगों ने इसे राजनीति का विषय बना दिया। पीएम के बयान पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा- मोदी कह रहे हैं कि उनकी सरकार ने सेना के कहने पर अग्निपथ योजना लागू की। यह झूठ है। यह सेना का अपमान है। यह काफी दुर्भाग्यपूर्ण है कि पीएम कारगिल विजय दिवस के मौके पर ओछी राजनीति कर रहे हैं। इससे पहले किसी भी प्रधानमंत्री ने ऐसा नहीं किया।

नीट-यूजी रिवाइज्ड रिजल्ट जारी

टॉपर्स 61 से घटकर 17 हुए-4 लाख कैंडिडेटस की रैंक बदली; फिजिक्स के एक सवाल की वजह से ऐसा हुआ

बढ़ता राजस्थान

नई दिल्ली। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने शुक्रवार, 26 जुलाई को नीट-यूजी - 2024 का रिवाइज्ड रिजल्ट जारी कर दिया। 4.2 लाख स्टूडेंट्स की रैंक बदल गई। वहीं, टॉपर्स की संख्या 61 से घटकर 17 हो गई। रिवाइज्ड रिजल्ट के बाद 13 लाख 15 हजार 853 कैंडिडेट्स क्वालीफाई हुए हैं। 4 जून को घोषित रिजल्ट से यह 415 कम हैं। उस वक्त 13 लाख 16 हजार 268 क्वालीफाई हुए थे। ऐसा फिजिक्स के एक सवाल की वजह से हुआ।

एग्जाम में इस सवाल के 2 विकल्प सही थे, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने एक समिति बनाकर इसका एक विकल्प चुनने को कहा था। साथ ही एनटीए को रिवाइज्ड रिजल्ट जारी करने को कहा था। 4 जून को जारी रिजल्ट में टॉपर्स की संख्या 67 थी। लेकिन ग्रेस मार्क्स विवाद के बाद हुए एग्जाम में 6 टॉपर्स कम हो गए थे। नीट यूजी परीक्षा 5 मई, 2024 को हुई थी।

भारतवंशी कमला हैरिस को मिला ओबामा का साथ

वाशिंगटन। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा और उनकी पत्नी मिशेल ने भारतवंशी कमला हैरिस का राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी के लिए समर्थन कर दिया है। दोनों ने शुक्रवार को फोन पर कमला हैरिस को इसकी जानकारी दी। बराक ओबामा ने सोशल मीडिया पर इससे जुड़ा एक वीडियो भी पोस्ट किया है। इसमें बराक और मिशेल, कमला हैरिस को अपना समर्थन देने की बात कहते सुनाई दे रहे हैं। इसके बाद कमला हैरिस खुशी जाहिर करती दिख रही हैं। बराक ओबामा ने कमला को समर्थन देते हुए कहा है कि वे उन्हें जिताने और व्हाइट हाउस तक पहुंचने में पूरी मदद करेंगे।

कांवड़ रूट में नाम लिखने पर रोक जारी रहेगी : योगी सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में कहा था- खाने में लहसुन-प्याज से झगड़े हो रहे थे

बढ़ता राजस्थान

नई दिल्ली/लखनऊ। यूपी में कांवड़ रूट पर नाम लिखने के मामले पर सुप्रीम कोर्ट की अंतरिम रोक जारी रहेगी। कोर्ट ने शुक्रवार को यूपी सरकार के जवाब दाखिल करने के बाद ये आदेश दिया। सुप्रीम कोर्ट ने उत्तराखंड और मध्यप्रदेश सरकार को भी अपना जवाब दाखिल करने के लिए कहा है।

सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान यूपी सरकार के वकील मुकुल रोहतगी ने कहा- केंद्रीय कानून के मुताबिक यह आदेश दिया गया है। कोर्ट बोला- सभी जगह लागू करिए। फिर वकील ने कहा- कांवड़ सिर्फ तीन राज्यों से गुजरते हैं। यह सिर्फ खाने-पीने के लिए नहीं है। केंद्रीय कानून में दी गई व्यवस्था के मुताबिक है। सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगा दी। जबकि कानून में यह व्यवस्था दी गई है कि राज्य इसे लागू कर सकते हैं।

मुकुल रोहतगी ने कहा- एक कांवड़िए ने याचिका दाखिल करके कहा कि राज्य का आदेश उचित है। खाना क्या है यह पता होना चाहिए। मुजफ्फरनगर पुलिस की तरफ से यह निर्देश बाध्यकारी तौर पर नहीं लागू किया गया। यूपी सरकार ने कोर्ट में दाखिल अपने जवाब में कहा- कांवड़ यात्रा के दौरान खाने-पीने के सामान से भ्रम होता है। खासकर प्याज-लहसुन के इस्तेमाल को लेकर झगड़ा होता था।

राज्यसभा सांसद मदन राठौड़ राजस्थान भाजपा के नए प्रदेशाध्यक्ष बने

पार्टी ने प्रदेश प्रभारी भी बदला; उप चुनाव से पहले संगठन में बड़ा बदलाव

बढ़ता राजस्थान

जयपुर। राजस्थान में होने वाले उप चुनाव से पहले भाजपा संगठन ने प्रदेशाध्यक्ष और प्रदेश प्रभारी को बदल दिया है। राज्यसभा सांसद मदन राठौड़ नए प्रदेशाध्यक्ष होंगे।

वहीं अरुण सिंह की जगह सांसद राधा मोहन दास अग्रवाल प्रदेश प्रभारी बनाए गए हैं। बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने राठौड़ को प्रदेशाध्यक्ष नियुक्त किया है। दो दिन पहले ही सांसद सीपी जोशी ने केन्द्रीय नेतृत्व से मिलकर प्रदेशाध्यक्ष पद से इस्तीफा देने की पेशकश की थी। राठौड़ 5 महीने पहले ही राज्यसभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं। अब पार्टी ने उन्हें प्रदेश बीजेपी की नई जिम्मेदारी सौंप दी है। पार्टी ने मदन राठौड़ को अध्यक्ष बनाकर मूल ओबीसी के अपने वोट बैंक को ओर मजबूत किया हैं।

विधानसभा में पार्टी ने नहीं दिया था टिकट

मदन राठौड़ ने विधानसभा चुनाव-2023 में सुमेरपुर से टिकट मांगा था, लेकिन पार्टी ने उन्हें टिकट नहीं दिया। जिसके बाद उन्होंने निर्दलीय चुनाव लड़ने की तैयारी कर ली थी। हालांकि उस वक्त उन्हें पीएम नरेंद्र मोदी ने फोन करके काम करते रहने को कहा था। फरवरी महीने में उन्हें राज्यसभा में भेज दिया गया। वहीं अब प्रदेश बीजेपी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। मदन राठौड़ पीएम मोदी के पुराने परिचित हैं। लंबे समय से संगठन में सक्रिय राठौड़ ने बीजेपी के दिग्गज नेताओं के साथ काम किया हैं। जनसंघ से लेकर बीजेपी की यात्रा में शामिल रहे हैं।

खत्म हो चुके कानून से राजस्थान में निकाले नियुक्ति आदेश

कानून विभाग की बड़ी चूक, 12 जिलों में नियुक्ति कर दिए सरकारी अधिवक्ता

बढ़ता राजस्थान

जयपुर। राजस्थान के विधि विभाग ने बड़ी चूक करते हुए खत्म हो चुके कानून के तहत 12 जिलों की अदालतों में सरकारी अधिवक्ताओं की नियुक्ति आदेश निकाल दिए। यह मामला इसलिए भी गंभीर हो जाता है कि जिस विभाग ने यह आदेश निकाले हैं।

उसी विभाग पर ही विधि (कानून) की पूरी जिम्मेदारी हैं।

विभाग के इन आदेशों के बाद कानून के जानकार और एक्सपर्ट का कहना है कि जो कानून 30 जून को समाप्त कर दिए गए हैं। उनमें की गई नियुक्तियां पूरी तरह से अवैध व गैर संवैधानिक हैं। अब गलती सामने आने के बाद विभाग में हड़कंप मच गया है। जानकारी में आया है कि विभाग इसे लेकर संशोधित आदेश निकालने की तैयारी कर रहा है।

देश में 1 जुलाई से तीन नए कानून लागू हुए-देश में एक जुलाई से अंग्रेजों के जमाने से चले आ रहे तीन आपराधिक कानूनों को समाप्त करके तीन नए कानून लागू कर दिए गए हैं। इंडियन पीनल कोड की जगह भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), भारतीय दंड संहिता (सीआरपीसी) की जगह भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) और एविडेंस एक्ट की जगह भारतीय साक्ष्य अधिनियम (बीएसए) ने ले ली है।

इसे लेकर कानूनी एक्सपर्ट वरिष्ठ अधिवक्ता एके जैन ने कहा कि प्रदेश में सरकारी अधिवक्ताओं की नियुक्ति भी नए कानूनों के तहत ही की जा सकती है। क्योंकि जो कानून अस्तित्व में ही नहीं है। उनमें हुई नियुक्ति को वैध नहीं माना जा सकता है।

उन्होंने बताया कि नए कानून के तहत भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 18 (3) के तहत सरकारी अधिवक्ताओं की नियुक्ति की जा सकती है। लेकिन विभाग ने समाप्त हो चुकी सीआरपीसी की धारा 24 (3) के तहत यह नियुक्ति आदेश निकाल दिए।

गुरुवार को 12 जिलों में दी थी सरकारी अधिवक्ताओं को नियुक्ति

विधि विभाग ने गुरुवार को अलग-अलग आदेश निकालकर प्रदेश के 12 जिलों में 50 से अधिक अधिवक्ताओं को लोक अभियोजक, अपर लोक अभियोजक, विशिष्ठ लोक अभियोजक व अन्य पदों पर नियुक्ति आदेश निकाले थे।

इन आदेशों के जरिए विभाग ने बांसवाड़ा, डीडवाना-कुचामन, दूद-फागी, श्रीगंगानगर, जालोर, राजसमंद, खैरथल-तिजारा, कोटपूतली-बहरोड़, सलूम्बर, सांचौर, शाहपुरा सहित सिरोही जिले में सरकारी अधिवक्ताओं की नियुक्ति की थी।

सम्पादकीय

वित्तीय स्पष्टता की आवश्यकता

केंद्र सरकार ने राजस्व के मोर्चे पर बेहतर हुई स्थिति का फायदा उठाते हुए चालू वर्ष के लिए कम राजकोषीय घाटा दर्शा कर अच्छा किया है। चालू वित्त वर्ष में घाटे को सकल घरेलू उत्पाद यानी जीडीपी के 4.9 फीसदी के बराबर रखने का लक्ष्य तय किया गया है जबकि अंतरिम बजट में यह लक्ष्य 5.1 फीसदी का था। सरकार ने 2021 में घोषणा की थी कि घाटे को 2025-26 तक कम करके जीडीपी के 4.5 फीसदी के स्तर तक लाया जाएगा। सरकार अगले वर्ष इस लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में अग्रसर है। इस संदर्भ में वित्तीय बाजारों और विश्लेषकों को उम्मीद थी कि केंद्रीय बजट में मध्यम अवधि के लिए संशोधित राजकोषीय पथ घोषित किया जाएगा। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने घोषणा की कि 2026-27 से सरकार राजकोषीय घाटे का प्रबंधन इस प्रकार करेगी कि केंद्र सरकार का कर्ज जीडीपी के प्रतिशत के रूप में कम होता रहेगा। बजट के बाद मीडिया से (इस समाचार पत्र समेत) बात करते हुए वित्त मंत्री ने तथा वित्त मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने कहा कि सरकार खुद को खास लक्ष्यों में उलझाने के बजाय बदलते आर्थिक हालात के अनुसार कदम उठाना चाहती है। बहरहाल, सरकार को सलाह होगी कि वह और अधिक स्पष्टता प्रदान करे। साफ कहा जाए तो कर्ज पर ध्यान केंद्रित करना उचित है।

वित्तीय जवाबदेही एवं बजट प्रबंधन (एफआरबीएम) अधिनियम में उम्मीद जताई गई थी कि मार्च 2025 तक सामान्य सरकारी ऋण जीडीपी के 60 फीसदी तक सीमित रहे और केंद्र सरकार के ऋण का अनुपात 40 फीसदी रहे। बजट दस्तावेजों में राजकोषीय नीति को लेकर जो वक्तव्य दिए गए हैं उनके मुताबिक राजकोषीय घाटा केवल एक परिचालन लक्ष्य है। चालू वर्ष में केंद्र सरकार कर्ज के स्तर के जीडीपी के 56.8 फीसदी रहने के अनुमान को देखते हुए अंशधारकों के लिए यह महत्त्वपूर्ण है कि उन्हें पता रहे कि सरकार अगले करीब पांच साल में किस लक्ष्य को ध्यान में रखकर काम कर रही है। यह जानना भी अहम होगा कि इस तय अवधि में कर्ज का वांछित स्तर पाने के लिए राजकोषीय घाटे को किस स्तर तक सीमित रखना होगा। ऐसे में मध्यम अवधि में घाटे का स्तर और कर्ज दोनों एक दूसरे से स्वतंत्र नहीं होंगे। विकास के इस मोड़ पर जब सरकार और निजी क्षेत्र दोनों को निवेश के लिए धन जुटाने की आवश्यकता है, पारदर्शी और नियम आधारित राजकोषीय ढांचा मददगार साबित होगा। एफआरबीएम अधिनियम के पीछे भी यही विचार रहा है। एक नियम आधारित राजकोषीय ढांचा रेटिंग एजेंसियों के लिए भी मददगार होगा क्योंकि वे उस आधार पर भारत का आकलन कर सकेंगी। राजकोषीय घाटे की भरपाई करने की अर्थव्यवस्था की क्षमता भी बातचीत से नदारद है। विशुद्ध पारिवारिक वित्तीय बचत 2022-23 में जीडीपी के 5.3 फीसदी के साथ कई दशकों के निचले स्तर पर आ गई। अगर यह जीडीपी के 7.5 फीसदी के अपने पिछले दशक के औसत स्तर पर वापस भी आ जाती है तो भी यह पूरी तरह सरकारी बजट घाटे की भरपाई में खप जाएगी और निजी क्षेत्र के लिए कुछ नहीं बचेगा। यह बात भी सभी जानते हैं कि निजी निवेश में बेहतरी मध्यम से लंबी अवधि के दौरान टिकाऊ उच्च वृद्धि हासिल करने के लिए जरूरी है। एफआरबीएम अधिनियम में राजकोषीय घाटे का वांछित स्तर भी अर्थव्यवस्था में वित्तीय बचत की उपलब्धता पर आधारित था।

मुख्यमंत्री योगी के लिए आसान नहीं उत्तर प्रदेश में विधानसभा का मानसून सत्र का सामना करना!

मानसून सत्र में विपक्ष जहां सरकार को घेरने की पूरी तैयारी करके बैठा है तो भाजपा के सहयोगी दल भी अलग कशमकश में हैं। लोकसभा चुनाव के बाद से भाजपा नेताओं में खींचतान जारी है। केशव प्रसाद मौर्य और मुख्यमंत्री योगी में मनमुटाव की बातें हो रही है। इसके अलावा भाजपा सहयोगी दल अलग-अलग मुद्दों पर भाजपा और योगी सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल रखा है, लेकिन सत्र शुरू होने से पहले तक यह नहीं खत्म हुआ तो विधानसभा सदन में विपक्ष हावी हो जाएगा। ऐसे में भाजपा और सहयोगी दलों के बीच सियासी रिश्ते सुधारने का जिम्मा मुख्यमंत्री योगी के कंधों पर है, क्योंकि सरकार के वो ही मुखिया हैं।

अशोक भाटिया

लोकसभा चुनाव नतीजे आने के बाद से सबसे ज्यादा चर्चा के केंद्र में उत्तर प्रदेश है। भाजपा में जिस तरह से सियासी गुटबाजी दिख रही है और उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने खुलकर मोर्चा खोल रखा है। इतना ही नहीं भाजपा के सहयोगी दल भी काफी मुखर हैं और अपनी ही सरकार पर सवाल खड़े कर रहे हैं तो समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव 37 सांसदों के साथ लखनऊ का मैदान छोड़कर दिल्ली के रण को चुन लिया है। इसके चलते उत्तरप्रदेश की सियासत में 29 जुलाई की तारीख काफी महत्वपूर्ण हो गई है, जिस पर अब सभी की निगाहें लगी हुई हैं। उत्तर प्रदेश का विधानसभा का मानसून सत्र 29 जुलाई से शुरू हो रहा है। इसी दिन सूबे के राज्यपाल आनंदीबेन पटेल का कार्यकाल भी समाप्त हो रहा है। अखिलेश यादव के विधायक पद से इस्तीफा देने के बाद विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष का 29 जुलाई से पहले चयन कर लेना है। ऐसे में विधानसभा सत्र से पहले मुख्यमंत्री योगी को पार्टी नेताओं के बीच जारी मनमुटाव को दूर करने के साथ-साथ सहयोगी दलों के विश्वास को भी जीतने की चुनौती होगी। इसीलिए मानसून सत्र पर सभी की निगाहें लगी हुई हैं। लोकसभा चुनाव नतीजे के बाद पहली बार सूबे में विधानसभा का सत्र शुरू होने जा रहा है। उत्तरप्रदेश में 80 में सबसे ज्यादा 37 सीटें जीतने के बाद से समाजवादी पार्टी के हौसले बुलंद है, जिसकी झलक लोकसभा में दिख रही है। ऐसे में समाजवादी पार्टी के विधायक विधानसभा में भी खासा उत्साहित नजर आ सकते हैं और अब तो कांग्रेस भी उनके साथ है। इस तरह समाजवादी पार्टी सदन से सड़क तक आक्रमक रुख अपनाए रखने का प्लान बनाया है। चुनावी नतीजे जिस तरह भाजपा के खिलाफ आए हैं, उसके बाद से ही बैकफुट पर है। ऐसे में विधानसभा में भाजपा के लिए विपक्षी दलों के मुद्दों का सामना करना आसान नहीं होगा। इस बार का विधानसभा सदन की कार्यवाही पर सभी की निगाहें होंगी और विपक्षी तेवर देखने वाला होगा। बिजली कटौती से लेकर कांवड़ रूट पर नेम प्लेट का मामला चल रहा है। इसके अलावा ओबीसी आरक्षण भी एक बड़ा मुद्दा बना हुआ है। लोकसभा चुनाव के बाद ही अपना दल (एस) की अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर नौकरियों में दलित और ओबीसी आरक्षण में भेदभाव का मामला उठाया था। निषाद पार्टी के अध्यक्ष और मंत्री डॉ. संजय निषाद ने भी सरकार को चेताया था कि जिन भी सरकारों ने आरक्षित वर्गों की उपेक्षा की उनका नुकसान ही हुआ। इसके अलावा बुलडोजर नीति पर भी सवाल खड़े किए थे। ऐसे ही बातें ओम प्रकाश राजभर ने भी किया था तो आरलडी प्रमुख जयंत चौधरी ने कांवड़ यात्रा वाले मार्ग वाली दुकानों में दुकानदारों के नाम लिखे जाने संबंधी आदेश की आलोचना करते हुए वापस लिए जाने की मांग की थी। इस तरह से सहयोगी दलों के सवालों को विधानसभा सत्र शुरू होने से पहले साधकर रखने की चुनौती है। मुख्यमंत्री योगी के लिए उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य भी चुनौती बने हुए है । केशव प्रसाद मौर्य ने बीते दिनों प्रदेश कार्यसमिति में बयान दिया था कि संगठन सरकार से बड़ा था, बड़ा है और हमेशा बड़ा रहेगा। सरकार और संगठन के बीच चल रही खींचतान का संदेश इन शब्दों ने दिया और फिर उसके बाद गत दिवस नई दिल्ली में केशव की पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने मुलाकात ने उत्तर प्रदेश में बड़े बदलाव की अटकलों को हवा दे दी। यह सिर्फ इसलिए, क्योंकि न तो उपमुख्यमंत्री के यह शब्द नए हैं और न ही उत्तरप्रदेश में गुटबाजी नई है, लेकिन अन्य प्राथमिकताओं को लेकर चल रहे केंद्रीय नेतृत्व का जोर फिलहाल समन्वय पर है। हालांकि, जरूरी हुआ तो गुजरात की तर्ज पर सरकार और संगठन की समान सर्जरी के रूप में सामने आ सकता है। उत्तर प्रदेश में 2017 विधानसभा चुनाव में जब भाजपा की प्रचंड बहुमत के साथ जीत हुई और योगी आदित्यनाथ मुख्यमंत्री बनाए गए तो कुछ समय तक सरकार चलने के बाद से ही सरकार में गुट आकार लेने लगे थे । सरकार में खुद को उपेक्षित महसूस करने वाले मंत्री, विधायक और संगठन पदाधिकारियों के पैरोकार तब भी उपमुख्यमंत्री केशव मौर्य बताए जाने लगे थे । ऐसे कई घटनाक्रम भी हुए जब बेलगाम नौकरशाही जनप्रतिनिधियों पर भारी पड़ी। उसी का परिणाम था कि दिसंबर, 2019 में लोनी विधायक नंद किशोर गुर्जर का समर्थन करते हुए सरकार के 100 से अधिक विधायक अपनी ही सरकार के विरुद्ध धरने पर बैठ गए थे। तब इन मामलों को हाईकमान के दखल से दबाया गया और 2019 के लोकसभा चुनाव की जीत ने सब छिपा दिया। फिर बारी 2022 के विधानसभा चुनाव की थी, लेकिन सरकार में चल रही गुटबाजी की चर्चा जोर पकड़ रही थी, तब एक अप्रत्याशित घटनाक्रम सामने आई। मुख्यमंत्री योगी जून, 2021 में उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के सरकारी आवास पर पहुंच कर केशव ने उन्हें मिठाई खिलाई। बताया जाता है कि चुनाव में एकजुटता का संदेश देने के लिए यह मिलन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबले ने कराया था। फिर 2022 में भाजपा पूर्ण बहुमत के साथ सत्ता में लौटी और गुटबाजी का घाव फिर दब गया। हाईकमान ने अगड़ा-पिछड़ा का संतुलन साधते हुए सिराथू से विधानसभा चुनाव हारने के बावजूद केशव को दोबारा उपमुख्यमंत्री बनाया। उनके साथ ब्रजेश पाठक को भी उपमुख्यमंत्री बनाया, लेकिन सरकार में गुटों का यह संघर्ष फिर भी चलता ही रहा। अब लोकसभा चुनाव में जब भाजपा को 29 सीटों का नुकसान हो गया तो यह घाव फिर सामने है। चुनाव परिणाम के बाद लगभग एक दर्जन विधायक सरकार में अपनी उपेक्षा की पीड़ा व्यक्त कर चुके हैं।

हारे हुए प्रत्याशी आरोप लगा चुके हैं कि बेलगाम अफसरों को सत्ता का संरक्षण है। इधर, सरकार बनाम संगठन के बयानों के बाद जेपी नड्डा से केशव और प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी की मुलाकात को एक धड़ा इस रूप में प्रचारित कर रहा है कि उत्तरप्रदेश में बड़ा बदलाव हो सकता है। इशारा, मुख्यमंत्री बदले जाने को लेकर है, लेकिन सूत्रों का कहना है कि हाईकमान ने नेताओं को निर्देश दिया है कि ऐसी बयानबाजी न करें। उत्तर प्रदेश की राजनीति से जुड़े एक राष्ट्रीय पदाधिकारी का कहना है कि किसी एक धड़े की मुराद पूरी कर देना गुटबाजी का समाधान नहीं है।वैसे भी नेतृत्व अभी बजट से राज्य और गठबंधन के संतुलन, महाराष्ट्र, हरियाणा और झारखंड के चुनाव को प्राथमिकता पर लेकर चल रहा है।

आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, आपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारस्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताप और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

मेष
अनुकूल वातावरण रहेगा और साथियों का सहयोग मिलेगा। आज आप प्यार एवं भावना के प्रवाह में रहेंगे। दोस्त, स्वजनों और रिश्तेदारों की ओर से कोई उपहार मिल सकता है। आप उनके साथ अपना दिन खुशी में गुजार सकेंगे।

वृष
आज आप के लिए नौकरी में पदोन्नति के योग हैं। आप पर अधिकारियों की कृपा दृष्टि रहेगी। परिवार में उत्सव और उल्लास का माहौल बना रहेगा। मन में भावनात्मकता बढ़ेगी। मां की ओर से फायदा होगा।

मिथुन
आज रिश्तेदार एवं मित्रों के साथ मुलाकात से आप आनंद का अनुभव करेंगे। आर्थिक योजना में आपको पहले थोड़ी मुसीबत हो सकती है, आपके जरूरी काम भी शुरुआती विलंब के बाद आसानी से पूरे होने पर शांति का अहसास करेंगे।

कर्क
महिलाओं के बारे में विशेष ध्यान रखें। वाणी एवं व्यवहार में सावधानी बरतें। विदेश से कोई समाचार मिल सकता है। कानूनी बातों का निर्णय सोच-समझकर करें। आज घर, परिवार एवं व्यापार जैसे तमाम क्षेत्रों में आको लाभ होगा। आपका आर्थिक स्तर मजबूत बनेगा।

सिंह
आज आपको काफी संवेदनशीलता का अनुभव होगा। इस कारण किसी के द्वारा आपकी भावना को ठेस पहुंच सकती है। आज आपको मां की बीमारी की चिंता होगी। मकान या जमीन के दस्तावेजी काम आज न करें।

कन्या
अधिकारियों का रवैया नकारात्मक रहेगा। विरोधियों के साथ वाद-विवाद न करें। संतान से मतभेद हो सकते हैं। यात्रा की संभावना है। धनखर्च होगा। कार्य सफलता में विलंब होने के कारण निराशा का अनुभव होगा। काम समय से पूरा नहीं होगा।

तुला
मानसिक व्यग्रता को दूर करने के लिए आध्यात्मिकता, योग का सहारा लें। महिला और पानी से बचकर रहें। अभ्यास के लिए समय मध्यम है। आज आप को ज्यादा संवेदनशील एवं भावुकता भरे विचार आएंगे।

वृश्चिक
जमीन-जायदाद के दस्तावेजी काम कर सकेंगे। आपका आज का दिन प्रतिकूलताओं एवं अनुकूलताओं से भरा होगा। लेखन-साहित्य से जुड़े काम कर सकेंगे। हांलाकि, व्यवसायिक स्थल पर प्रतिकूल परिस्थिति रहेगी।

धनु
काम का बोझ ज्यादा रहेगा। नए काम की शुरुआत न करें। शारीरिक स्वास्थ्य बिगड़ेगा। मन बेचैन एवं चिंतित रहेगा। वाणी पर संयम रखें। खर्च ज्यादा होगा। आज आपका दिन शुभ है। व्यापार बढ़ाने को लेकर आपके प्रयास रंग लाएंगे।

मकर
प्रवास, सुंदर भोजन एवं प्रियजन के साथ से आप रोमांचित रहेंगे। कोर्ट-कचहरी से जुड़े मामलों के लेकर सावधानी बरतने की सलाह दी जाती है। आज मन भावनाओं से व्यथित रहेगा। कमिशन, ब्याज से आपकी आय में वृद्धि होगी।

कुंभ
मित्रों के साथ आनंददायक प्रवास होगा, तो दांपत्यजीवन में भी आप ज्यादा निकटता बना सकेंगे। धनप्राप्ति के लिए भी शुभ समय है। अविवाहितों को जीवनसाथी की तलाश में सफलता मिलेगी।

मीन
दूसरों की ओर से चिंता कम होगी। इस कारण आप का मन खुश रहेगा। परिजनों या दोस्तों के साथ अच्छे भोजन का अवसर मिलेगा। कोई आकस्मिक यात्रा हो सकती है। आर्थिक मामलों से संबंधित व्यवस्था कर सकेंगे। इससे आपका मन द्रवित हो उठेगा।

शख्सियत

सफलता सहज नहीं होती है बस नजर सहज आती है और हम उसे सहज ही पाने का प्रयास करते हैं इसलिए शायद असफल हो जाते हैं। हम कठिन कार्य करें बिना किसी बहाने और परेशानी को गले लगाए तो देखना जितने कदम हम चलेंगे सफलता हमारे पास आने के लिए दुगने कदम चलेगी.....

नमस्कार मित्रों हमारे आज के शख्सियत कॉलम के हीरों हैं भारतीय पुलिस सेवा के शानदार अधिकारी परिश अनिल देशमुख जोकि फिलहाल डीआईजी एसओजी पद को सुशोभित कर रहे हैं। 2010 बैच के शानदार आईपीएस अधिकारियों में गिने जाते हैं परिश देशमुख। ये जब सहायक पुलिस अधीक्षक भिवाडी थे तो खनन माफियों पर नकेल कसते हुए अपनी टीम के साथ खुद मैदान में जा डटे। सामने से माफियों ने गोली चलाई लेकिन कर्तव्य परायणता की जीती जागती तस्वीर हैं परिश देशमुख वहां से हटे नहीं बल्कि खुद के गोली लगने के बाद भी उनसे जुझते रहे और उन्हें उनके सही ठिकाने पर पहुँचाया। एसपी बरन, एसपी बाडमेर, एसपी नागौर, एसपी विजिलेंस, एसपी एटीएस, एसपी अलवर, एसपी चुरू,एसपी जयपुर नोर्थ, एसपी गंगानगर, एसपी सीकर रहे हैं। फिलहाल पेपर लीक गैंग की नाक में नकेल डालने के लिए सरकार ने इन्हे डीआईजी एसओजी लगाया हुआ है। जब ये जयपुर डीसीपी नार्थ थे तो करीब छह साल पहले दिए गए वचन के शहीद सिपाही की बहन की शादी में पहुंचकर भाई का फर्ज निभाया। नागौर के शहीद पुलिसकर्मी खुमाराम की बहन संगीता की शादी में टीम के साथ नागौर पहुंचे तथा भाई का फर्ज निभाते हुए संगीता को चूंदड़ी ओढ़ाई कर अन्य रस्में पूरी की। जब ये नागौर एसपी थे तब भाई की शहादत पर रोती हुई बहन के कंधे पर हाथ रखा और कहा कि मैं भाई हूं पूरा फर्ज निभाउंगा।

एक बेहतरीन आईपीएस के रूप में देशमुख पूरे राजस्थान में जाने जाते हैं। सरलता सहजता और कर्तव्य परायणता इनके व्यक्तित्व बताती है। दैनिक बढ़ता राजस्थान की टीम इनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करती है। कोविड़ कॉल में ये अलवर एसपी लगे हुए थे।

परिस अनिल देशमुख (आईपीएस)
(डीआईजी-एसओजी)

जनता के साथ तालमेल,अपने अधिकारियों व कर्मचारियों के स्वास्थ्य की चिंता और कोविड़ संक्रमण वाले मरीजों को सही उपचार के लिए एक बेहतरीन सेतू का कार्य किया। खुद सड़क पर नजर आते रहे और अपनी टीम के हौसले को बढ़ाते रहे। जयपुर नॉर्थ डीसीपी एक लम्बी पारी लगभग 25 महीने खेली। जनता के बीच पुलिस का विश्वास व अपराधियों में पुलिस के भय स्लोगन को प्रतिपादित किया इसलिए आज भी जयपुर की जनता इन्हे याद करती है।

जय हिन्द

आज का इतिहास

27 जुलाई की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- रूस और तुर्की ने 1713 में शांति संधि पर हस्ताक्षर किये।
- पहली फेडरल एजेंसी द डिपार्टमेंट ऑफ फॉरेन अफेयर्स की स्थापना 1789 में हुई थी।
- दक्षिण आस्ट्रेलिया में एडीलेड की स्थापना 1836 में हुई।
- अमेरिकी शहर कैंटन में 1862 को हरिकेन तूफान का कहर, 40 हजार लोगों की मौत।
- फिलिप प्राट ने 1888 में पहला इलेक्ट्रिक ऑटोमोबाइल का प्रदर्शन किया।
- इंडियन नेशनल कांग्रेस की शाखा 1889 में ब्रिटिश इंडिया कमिटी को लंदन में दादाभाई नौरोजी, विलियम वेडरबर्न, डब्ल्यू एस कैन और विलियम डिग्बी के नेतृत्व में खोला गया।
- बाल गंगाधर तिलक 1897 में पहली बार गिरफ्तार किये गये।
- फ्रेडरिक बैंटिन के नेतृत्व में टोरंटो विश्वविद्यालय के जीव-रसायनज्ञों ने 1921 में इंसुलिन के खोज की घोषणा की।
- ब्रूसेल्स में अंतर्राष्ट्रीय भौगोलिक संघ का गठन 1922 में हुआ।
- चीन के यांग जी और होआंग नदी में 1935 को आई बाढ़, दो लाख लोगों की मौत।
- कार्टून चरित्र बग्स बनी 1940 में पहली बार चलचित्र ए वाइल्ड हेयर में पर्दे पर आया।
- अफ्रीकी-अमेरिकी नागरिक अधिकारों के संघर्ष के नेता मार्टिन लूथर किंग जूनियर जार्जिया के अल्बानी 1962 को जेल में बंद।
- चीन के तंगशान में 1976 को हुए विनाशकारी भूकंप में 2,40,000 लोग मारे गए।
- प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की लगभग 11 साल में पहली अमेरिकी यात्रा 1982 में हुई।
- आज ही के दिन खोजकर्ताओं ने 1987 में टाइटेनिक का मलबा खोजा था।
- निशानेबाज जसपाल राणा ने 1994 में विश्व शूटिंग चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता।
- उक्रेन में 2002 को एक विमान दुर्घटना में 70 व्यक्ति मारे गये।
- संयुक्त राज्य अमेरिका ने 2003 में यमन को स्कड मिसाइल बेचने वाली उत्तर कोरियाई कंपनी पर नये प्रतिबंध लगाये।
- अमेरिका के बहुचर्चित हास्य कलाकार बॉब होप का 27 जुलाई को निधन हो गया। वे 100 साल के थे। वे कुछ दिन से निमोनिया से पीड़ित थे।
- ऑस्ट्रेलिया के वैज्ञानिकों ने 2007 में लगभग 40,000 साल पहले पाये जाने वाले विशालकाय जीव वोमबैट के जवड़े का जीवाश्म मिलने का दावा किया।
- सीपीएन-यूएमएल नेता सुभाष नेमवांग को 2008 में नेपाली राष्ट्रपति रामबरन यादव ने नवर्निवाचित संविधान सभा के अध्यक्ष पद की शपथ दिलाई।

विशेष आलेख

मदन राठौड़ भाजपा के नये प्रदेशाध्यक्ष संगठनात्मक चुनौतियां कम नहीं

रामस्वरूप रावतसरे

चित्तौडगढ़ सांसद और राजस्थान भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी के इस्तीफे के मामले को लेकर पर्दा उठ गया है। भाजपा ने नए प्रदेश अध्यक्ष के तौर पर मदन राठौड़ को चुना है, जो पाली की सुमेरपुर विधानसभा से दो बार विधायक रह चुके हैं। बीते चार दिनों से सीपी जोशी दिल्ली में थे। इस दौरान यह बताया जा रहा था कि दिल्ली में उन्होंने गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात की है। साथ ही प्रदेश अध्यक्ष पद छोड़ने की पेशकश की है। अब इस मुद्दे को लेकर स्थिति साफ हो गई है।

भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व ने राज्यसभा सांसद मदन राठौड़ को नया प्रदेशाध्यक्ष नियुक्त किया है। राठौड़ राजस्थान के पाली जिले के रायपुर के रहने वाले हैं। उन्होंने राजस्थान यूनिवर्सिटी से ग्रेजुएशन किया है। 70 वर्षीय मदन राठौड़ पांच महीने पहले मार्च 2024 में राज्यसभा सांसद बने थे। अब पार्टी ने उन्हें एक और बड़ी जिम्मेदारी से नवाजा है। राठौड़ संघ से जुड़े नेता हैं। वे वर्ष 1970 में ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े और प्रचारक बने थे। लगातार 10 साल तक वे संघ के प्रचारक रहे। बाद में भाजपा के सक्रिय कार्यकर्ता बन गए। राठौड़ वही नेता हैं जिन्होंने नवंबर 2023 के विधानसभा चुनाव में पार्टी से बगावत की थी। टिकट नहीं मिलने पर बागी होकर निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में नामांकन दाखिल किया था।

दो बार विधायक रहने के बाद भी जब मदन राठौड़ को विधानसभा चुनाव का टिकट नहीं मिला तो उन्होंने पार्टी के खिलाफ बगावत कर दी। पार्टी ने जोराराम कुमावत को टिकट दिया तो राठौड़ ने निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर नामांकन दाखिल कर दिया। राठौड़ के बागी होने पर पार्टी में खलबली मच गई थी। जयपुर से लेकर दिल्ली तक पार्टी नेताओं की सांसे फूल गई। प्रदेश स्तर पर राठौड़ को मनाने के तमाम प्रयास किए गए लेकिन सारे प्रयास फेल हो गए। इसके बाद पीएम मोदी ने मदन राठौड़ को कॉल किया। यह बात खुद राठौड़ ने स्वीकार की। उन दिनों उन्होंने कहा था कि उनके पास पीएम मोदी का कॉल आया। एक लाइन में उन्हें नामांकन विड्रो करने की बात कही। पीएम मोदी का कॉल आने पर राठौड़ को विश्वास हो गया कि पार्टी उनके लिए कुछ बड़ा करने वाली है। राठौड़ ने नामांकन वापस ले लिया था। राठौड़ को इस वफादारी का इनाम तीन महीने में ही मिल गया। पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व ने उन्हें और चुन्नीलाल गरासिया को राज्यसभा का टिकट दे दिया और चुनाव में जीत भी हो गई। वर्तमान में मदन राठौड़ उच्च सदन यानी राज्यसभा के सदस्य भी हैं, यानी राज्यसभा सांसद हैं। वफादारी का दोहरा फायदा अब मिला है जब राठौड़ को भाजपा का प्रदेशाध्यक्ष बनाया गया।

मदन राठौड भाजपा में शामिल होने से पहले जिला संघ में पदाधिकारी रहे। बाद में उन्हें प्रदेश भाजपा में भी पदाधिकारी बनाया गया। वे दो बार पाली जिले की सुमेरपुर विधानसभा सीट से विधायक रहे हैं। वर्ष 2003 और 2013 में वे सुमेरपुर विधानसभा सीट से विधायक रहे। उन्होंने कांग्रेसी नेता और पूर्व मंत्री रही बीना काक को चुनाव में हराया था। वे पूर्व भाजपा सरकार यानी वसुंधरा राजे के शासन में सरकारी उप मुख्य सचेतक भी रह चुके हैं। संघ से जुड़े होने के कारण स्थानीय स्तर पर उनका नेटवर्क काफी मजबूत था। यही वजह थी कि वे दो बार विधायक बनने में कामयाब रहे। दो बार विधायक रहने के बाद नवंबर 2023 में हुए विधानसभा चुनाव में मदन राठोर ने फिर से सुमेरपुर विधानसभा सीट से दावेदारी जताई लेकिन पार्टी ने उन्हें टिकट नहीं दिया। पार्टी की ओर से जोराराम कुमावत को टिकट दिया गया था। पीएम मोदी का कॉल आने के बाद जब राठौड़ ने नामांकन वापस लिया तो पार्टी प्रत्याशी जोराराम कुमावत चुनाव जीतने में कामयाब रहे। जोराराम को भजनलाल सरकार में मंत्री बनने का अवसर मिल गया। जोराराम कुमावत कैबिनेट मंत्री हैं और उनके पास पशुपालन एवं डेयरी विभाग, गोपालन विभाग और देवस्थान विभाग है।

राजस्थान भाजपा में नेतृत्व परिवर्तन को लेकर कई सवाल खड़े हो रहे हैं। जातिगत समीकरण को फिलहाल छोड़ दें तो कहा जा रहा है कि लोकसभा चुनावों में 11 सीटें गंवाने के बाद सीपी जोशी को उपचुनाव में भी हार का डर सता रहा था इसलिए उन्होंने पहले ही इस्तीफे की पेशकश कर दी थी। राजस्थान भाजपा में नेतृत्व परिवर्तन के बाद एक खेमा मायूस है तो दूसरे खेमे में खुशी का माहौल है। दरअसल लोकसभा चुनावों में भाजपा को राजस्थान में 25 सीटें जीतकर हैट्रिक लगाने की पूरी उम्मीद थी, लेकिन सीपी जोशी के नेतृत्व में पार्टी 11 सीटें हार गईं। यही नहीं सीपी जोशी खुद चित्तौड़गढ़ से अपनी सीट बचाने के लिए किसी और सीट पर प्रचार करने नहीं जा सके। दिल्ली ने भले ही उन्हें प्रदेश अध्यक्ष की कमान सौंपी थी, लेकिन वे पूरे राजस्थान में अपना प्रभाव जमाने में कामयाब नहीं हो सके। यही वजह है कि उन्होंने पहले ही बोल दिया था कि उन्होंने अपना इस्तीफा आलाकमान को दे रखा है। विधानसभा चुनावों में भी पार्टी की जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चेहरे पर ही हुई थीं, फिर भी एक आध भाषण में गृहमंत्री अमित शाह और मोदी ने उनकी पीठ थपाथपाकर हौसला अफजाई की थी, लेकिन वे राजस्थान में नई लीडरशिप के रूप में उतना सफल नहीं हो सके, जितना आलाकमान को उम्मीद थी। जातिगत गणित को देखें तो ब्राह्मण समुदाय से मुख्यमंत्री बनाए जाने के बाद से ही सीपी जोशी का जाना तय माना जा रहा था। यही वजह है कि सीपी जोशी लगातार अपने इस्तीफे की पेशकश कर रहे थे ताकि उनकी छवि पर कोई नकारात्मक प्रभाव न पड़े। चूंकि भाजपा का फोकस अब ओबीसी वर्ग पर है इसलिए मदन राठौड़ को प्रदेश की कमान सौंपी गई है। अब भाजपा में नए अध्यक्ष और नए प्रभारी की नियुक्ति होने से प्रदेश में जिलों में, मोर्चों में बदलाव को लेकर हलचल शुरू हो गई है। हालांकि मदन राठौड़ वरिष्ठ नेता है और वे सबको साथ लेकर चलने में सफल प्रयास कर सकते हैं।

बजट घोषणाओं की क्रियान्विति में लापरवाही ना बरतें समीक्षा बैठक में जिला कलेक्टर ने दिए निर्देश

बढ़ता राजस्थान

टोंक (का.स.)। बजट घोषणाओं की क्रियान्विति को लेकर शुक्रवार को जिला कलक्टर डॉ. सौम्या झा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक हुई। इस दौरान जिला कलेक्टर ने कहा कि बजट घोषणाओं की क्रियान्विति में किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं बरती जाये। समस्त बजट घोषणाओं का क्रियान्वयन राज्य सरकार की मंशा के अनुसार जल्द से जल्द सुनिश्चित किया जाये।

बैठक में सीएमएचओ को निर्देश देते हुए जिला कलेक्टर ने कहा कि बजट घोषणाओं से संबंधित भूमि आवंटन के प्रकरणों में जल्द कार्यवाही की जाये। जिले में पीडब्ल्यूडी के प्रस्तावित कार्यों की स्थिति की जानकारी लेने पर अधिकारियों ने अवगत करवाया कि कई कार्यों के वर्क ऑर्डर जारी कर दिये गये हैं। कुछ कार्य के टेंडर जल्द लगाये जायेंगे। क्षतिग्रस्त सड़कों के पेचवर्क का कार्य जल्द करवाने के निर्देश देते हुए जिला कलेक्टर ने कहा कि बरसात के बाद उक्त कार्य किया जाये। इस पर अधिकारियों ने अवगत करवाया कि जो सड़के गारंटी पीरियड में हैए उनकी मरम्मत संबंधित संवेदक से करवाई जायेगी। जिला कलक्टर ने पीडब्ल्यूडी अधिकारियों को निर्देशित किया कि समस्त कार्य पूर्ण गुणवत्ता के साथ करवाये जाये।

इसी तरह विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा की बनास नदी पर धोली, कडीला, कलमंडा, नानेर, जवाली गहलोद एमडीआर 205 पर बन रहे हाई लेवल ब्रिज के निर्माण कार्य के दौरान बिजली पोल शिफ्टिंग के कार्य को पीडब्ल्यूडी अधिकारियों के साथ समन्वय में बनाकर शीघ्र पूरा करें। विद्युत उपकरणों की आपूर्ति के संबंध में उन्होंने उच्चाधिकारियों को अवगत करवाने के निर्देश दिये। साथ ही, रीको औद्योगिक क्षेत्रों में विद्युत संबंधी मामलों का निस्तारण शीघ्र करने पर जोर दिया। बैठक में जिला कलेक्टर ने मिशन कर्मयोगी-ई फाइल एवं संपर्क पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों की समीक्षा की। अधिकारियों द्वारा विभागीय योजनाओं की प्रगति से अवगत करवाया गया। इस दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर सुरेश चौधरी, सीईओ प्रतिष्ठा पिलानिया भी मौजूद रहे।

ऐतिहासिक पक्के बंधे का किया अवलोकन : जिला कलेक्टर ने टोंक शहर के राष्ट्रीय राजमार्ग 52 पर स्थित ऐतिहासिक पक्के बंधे का अवलोकन किया। उन्होंने इसे पर्यटन के रूप में विकसित किये जाने को संभावनाएं तलाशी। इस दौरान तहसीलदार टोंक रामधन गुर्जर एवं नगर परिषद के अभियंता भी मौजूद रहे। इसके पश्चात जिला कलेक्टर ग्राम चराई में निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज एवं नर्सिंग कॉलेज का निरीक्षण किया।

विकास से जुड़े कार्यों को शीघ्र पूरा करें

जिला कलेक्टर डॉ. सौम्या झा ने कलेक्ट्रेट कक्ष में टोंक नगर परिषद आयुक्त एवं अन्य अधिकारियों के साथ शहर के विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने अमृत योजना-2, धन्ना तलाई, तेलियों का तालाब के सौंदर्यकरण एवं पानी निकासी, आवारा पशुओं से आमजन को होने वाली परेशानी को लेकर आवश्यक निर्देश दिए। जिला कलेक्टर ने अमृत योजना-2 के तहत निर्मित होने वाले 6 सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट एवं 2 मैन हॉल विद् पपिंग के निर्माण की प्रगति को बढ़ाने पर जोर दिया। धन्ना तलाई एवं तैलियों के तालाब के सौंदर्यीकरण एवं पानी निकासी को लेकर नगर परिषद की टेक्निकल टीम द्वारा बनाए गए नक्शे का अवलोकन किया तथा अभियंताओं को आवश्यक निर्देश दिए। आवारा पशुओं से आमजन को होने वाली परेशानी को देखते हुए नगर परिषद आयुक्त ममता नागर को इन पशुओं को अन्य स्थान पर शिफ्ट करने की कार्य योजना बनाने के लिए कहा।

कारगिल विजय दिवस पर मोक्षधाम में की पंचवटी की स्थापना, 101 पौधे लगाए, गांव जौला कारगिल में शहीद देवालाल गुर्जर को किया नमन

बढ़ता राजस्थान

निवाई(का.स.)। कारगिल विजय दिवस की 25 वीं वर्षगांठ पर झिलाय रोड पर स्थित मोक्ष धाम में नगरपालिका के सहयोग से वन चेतना प्रभारी रामफूल शर्मा के सानिध्य में पंचवटी की स्थापना करने के साथ ही 101 विभिन्न छायादार पौधे लगाए। पौधारोपण के दौरान पालिकाध्यक्ष दिलीप इसरानी ने शहीदों को याद करते हुए उनके पराक्रम की प्रशंसा की और शहीदों की याद में पंचवटी की स्थापना की। इस अवसर पर वनचेतना प्रभारी रामफूल शर्मा ने कहा कि भारतीय जांबाजों के पराक्रम के चलते ही आज सभी चोटियों पर भारतीय तिरंगा लहरा रहा है। इस अवसर पर 101 पौधे लगाए जिनमें बिल्वपत्र, अशोक, कदम, बरगद व नीम सहित कई छायादार पौधे लगाए। इस अवसर पर नगरपालिका राजस्व अधिकारी नवरतन शर्मा, कनिष्ट अभियंता निशांक जैन, सीताराम सैन, गुलाब जायसवाल, मनीष चौधरी, हनुमान सैन सहित कई देशभक्त मौजूद थे। पौधारोपण के बाद शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इसी प्रकार गांव जौंला में स्मारक स्थल पर कारगिल में शहीद देवालाल की प्रतिमा पर माला व पुष्प अर्पित कर 2 मिनिट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। एसडीएमसी सदस्य व शहीद देवालाल गुर्जर के साथी रहे नरपत सिंह ने शहीद देवालाल के जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला।

पर्यावरण संतुलन सही होने पर ही हमारा जीवन सुरक्षित रह पायेगा : बी.एल.देशमा

पौधा वितरण महाअभियान के अन्तर्गत दो दर्जन से अधिक गांवो में किए पौधे वितरण

बढ़ता राजस्थान

मालपुरा (नि.स.)। बी.एल. चौधरी देशमां चेरिटेबल ट्रस्ट के निदेशक एवं भामाशाह पर्यावरण प्रेमी बी.एल. चौधरी देशमां नें बताया कि मालपुरा क्षैत्र का पर्यावरण संतुलन सही होने पर ही जीवन स्तर में सुधार होने के साथ साथ हमारा जीवन सुरक्षित रह पाएगा। बी.एल. चौधरी देशमां गुरूवार को ट्रस्ट द्वारा मालपुरा क्षैत्र के बिगड़े पर्यावरण संतुलन को पटरी पर लाने के लिए शुरू किए पौधा वितरण महाअभियान को लेकर बयान दे रहे थे। देशमा ने बताया कि हम सभी मालपुरा क्षैत्र के निवासी होने के चलते हम सभी की क्षैत्र के प्रति भी भारी जिम्मेदारी है। मालपुरा क्षैत्र में बारिश के कम होने का मुख्य कारण बिगड़ा पर्यावरण संतुलन है। क्षैत्र के बिगड़े पर्यावरण में सुधार के लिए हम सभी को मिलकर प्रयास करने की आवश्यकता है। उनकी टीम के सदस्यो द्वारा गांव गांव ढाणी ढाणी पहुंच कर विद्यालयो, आंगनबाड़ी केन्द्रो सहित अन्य सरकारी भवन पसिरो व सार्वजनिक स्थानो पर पौधे लगाने के लिए करेज व अर्जुन छाल के पौधे वितरित किए जा रहे हैं। पुलिस थाना लाम्बाहरिसिंह में पौधे वितरण करने के बाद जब उनकी टीम के सदस्य राउमावि लाम्बाहरिसिंह में पौधे वितरित किए तो विद्यालय प्रशासन द्वारा टीम के सदस्यो का स्वागत कर पौधे वितरण करने के लिए आभार प्रकट कर धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

स्वायत्त शासन विभाग ने नगरपालिका में समितियों का किया गठन

बढ़ता राजस्थान

निवाई(का.स.)। स्वायत शासन विभाग ने नगरपालिका में विभिन्न समितियों का गठन किया है। राज्यपाल की आज्ञा से निदेशक एवं संयुक्त सचिव सुरेशकुमार ओला ने समितियां का गठन किया है। निवाई नगर पालिका के लिए कार्यपालक समिति का अध्यक्ष पालिका अध्यक्ष दिलीप इसरानी को नियुक्त किया है। इसी प्रकार वित्तीय समिति का अध्यक्ष ओमप्रकाश गुप्ता को मनोनीत किया है। स्वास्थ्य एवं स्वच्छता समिति का अध्यक्ष राजकुमार को बनाया है। भवन अनुज्ञा समिति का अध्यक्ष पार्षद भानु जोधा को तथा गंदी बस्ती सुधार समिति का अध्यक्ष परसराम कुमावत को बनाया गया है। इसी प्रकार नियम एवं उपविधि समिति का अध्यक्ष जितेंद्रकुमार चंवरिया को नियुक्त किया है।

शहीदों की याद में 42 यूनिट किया रक्तदान

बढ़ता राजस्थान

निवाई(का.स.)। कारगिल शहीदों की याद में वनस्थली मोड स्थित रिको क्षेत्र में डाबर इंडिया लिमिटेड परिसर में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 42 युवाओं ने उत्साह पूर्वक रक्तदान किया। राजस्थान नर्सेज एसोशियशन टोंक जिलाध्यक्ष त्रिलोकचन्द मीणा ने बताया कि रक्तदान शिविर में टोंक सआदत अस्पताल की ब्लड डोनेट टीम द्वारा 42 यूनिट रक्त संग्रह किया। इस अवसर पर राजकीय सामुदायिक चिकित्सालय के डॉ. योगेन्द्र विजय, नर्सिंग ऑफिसर देवेन्द्रसिंह, हंसराज, सोमेश भारद्वाज, डाबर इंडिया के इकाई हैड दिगास्ता व अनुप चौधरी सहित कई युवा मौजूद थे।

जलदाय मंत्री आज रहेगें विधानसभा क्षैत्र के दौरे पर

बढ़ता राजस्थान



मालपुरा (नि.स.)। प्रदेश के जलदाय मंत्री एवं मालपुरा टोडारायसिंह विधानसभा क्षैत्र के विधायक कन्हैयालाल चौधरी शनिवार 27 जुलाई को मालपुरा विधानसभा क्षैत्र के एक दिवसीय दौरे पर रहेगें। कार्यालय सचिव एडवोकेट अभिषेक पाराशर ने बताया कि मंत्री चौधरी इस दौरान क्षैत्र के विभिन्न स्थानो पर पहुंच कर आम जन के जन अभाव अभियोग सुनेगें एवं समस्याओं का समाधान करने के लिए सम्बन्धित अधिकारियो को आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान करेगें।

सिरोही में तेज बरसात से ढहा पक्का मकान

बढ़ता राजस्थान

दत्तवास (नि.स.)। गांव सिरोही में गुरुवार की रात तेज बारिश से एक मकान ढह गया। राजेश गुर्जर ने बताया कि तेज बारिश से विधवा पुष्पा देवी हरिजन का मकान ढह गया। मकान ढहने से घर में रखा सामान मलबे में दबकर खराब हो गया। जिससे उनका जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। पीड़ित पुष्पा देवी ने बताया कि बरसात से मकान के ढह जाने से परिवार के सदस्यों को देवर के मकान में रहकर रात गुजारनी पड़ रही है। बरसात से मकान ढह जाने की सूचना पंचायत प्रशासन को दी। शुक्रवार की सुबह सरपंच प्रमिला बेनीवाल सुरेंद्र बेनीवाल सचिव विजय सिंह गौड़, हल्का पटवारी मोनू चौधरी मौके पर पहुंचकर जायजा लिया।

भाजपा का बदला उच्च स्तरीय संगठनात्मक ढांचा

प्रदेशाध्यक्ष सहित प्रभारी व सह प्रभारी भी बदले

कृष्णचन्द्र विजय

मालपुरा (बढ़ता राजस्थान)। भारतीय जनता पार्टी का प्रदेश स्तरीय संगठनात्मक ढांचे में परिवर्तन किया गया है। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव अरूण सिंह ने राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा की अनुमति से भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष पद पर मदन सिंह राठौड़ को मनोनीत किया गया है। गोरतलब है कि राठौड़ इससे पहले सुरमेरपुर विधानसभा क्षैत्र के विधायक व विधानसभा में उप सचेतक रह चुके हैं। राठौड़ वर्तमान में राज्य सभा सांसद है। इसके अलावा राष्ट्रीय महासचिव अरूण सिंह ने राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा की अनुमति से भाजपा प्रदेश प्रभारी पद पर सांसद राधामोहन दास अग्रवाल व सह प्रभारी पद पर श्रीमती विजय रहाटकर को मनोनीत किया गया है।

संगठनात्मक ढांचा बदले जाने पर इस तरह दी जलदाय मंत्री ने अपनी प्रतिक्रिया :- भाजपा राजस्थान प्रदेश का संगठनात्मक ढांचा बदले जाने व प्रदेशाध्यक्ष सहित प्रदेश प्रभारी व सह प्रभारी के बदले जाने पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए प्रदेश के जलदाय मंत्री व क्षैत्रीय विधायक कन्हैयालाल चौधरी ने कहा कि इससे नयापन आने के साथ साथ भाजपा के कर्तव्यनिष्ठ कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार होगा। साथ ही भाजपा संगठन एक बार फिर नई ऊंचाईयो को छू कर प्रदेश के आम जन के दिलो में अपनी जगह बनाने में सफल होगा।

25वां कारगिल विजय दिवस उत्साह के साथ मनाया गया

जलदाय मंत्री के प्रतिनिधि के रूप में राधा चौधरी ने बढ़ाया पूर्व सैनिको का उत्साह

बढ़ता राजस्थान

मालपुरा (नि.स.)। मालपुरा शहर के पीनणी रोड स्थित शहिद स्मारक पर पूर्व सैनिक आदर्श कल्याण संस्थान के तत्वावधान में 25वां कारगिल दिवस उत्साह के साथ मनाया गया।

शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रम में मोजुद क्षैत्र के पूर्व सैनिको सहित शहिदो की विरांगनाओ को मुख्य अतिथि के रूप में सम्बोधित करते हुए जलदाय मंत्री के प्रतिनिधि श्रीमती राधा चौधरी ने कहा कि हमे देश के सभी सैनिको पर नाज है। सैनिको की बदोलत ही हमारे देश की सीमाऐं सुरक्षित है। उन्होंने कहा कि कारगिल युद्ध सैनिको के साथ साथ सभी देशवासियो के लिए काफी उत्साहवर्धन करता है। क्योंकि कारगिल युद्ध के दोरान दुश्मन देश के सैनिकों को मुंह की खानी पड़ी थी और हमारे देश के सैनिको ने देश का मान बढ़ाते हुए कारगिल जैसी ऊंची पहाड़ी पर देश की आन बान व शान के प्रतीक तिरंगे को लहरा कर देश व देशवासियो का मान बढ़ाया था। यह युद्ध हम सभी के लिए गौरव का विषय होने के साथ साथ सभी देशवासियो के गौरव का विषय है। कार्यक्रम के दोरान देश की सीमाओं की रक्षा करते हुए क्षैत्र के वीर शहिद सैनिको की विरांगनाओं को सम्मानित किया गया। इस दौरान संस्थान अध्यक्ष श्रीराम चौधरी के अलावा विकास अधिकारी सतपाल कुमावत, थानाधिकारी चेनाराम बेड़ा, पंचायत समिति के अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी जयनारायण जाट सहित क्षैत्र के पूर्व सैनिक मोजुद रहे। इसके अलावा कारगिल युद्ध की 25वीं वर्षगांठ के अवसर पर जयपुर रोड स्थित दी रेडवुड ग्लोबल स्कूल में उत्साह के साथ विजय दिवस मनाया गया। इस दौरान सम्मानीय अतिथि के रूप में कैप्टन सूरजमल गगुर्जर व राकेश शर्मा मोजुद रहे।

वही कारगिल युद्ध की विजय दिवस के अवसर पर क्षैत्र के अन्य कई स्थानो पर कार्यक्रमो का आयोजन किया जाकर शहिदो को नमन किया गया।

जलदाय विभाग को आरडब्ल्यूएसएससी में हंस्तानांनतरित करने के फैसले के विरोध में विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने किया विरोध प्रदर्शन

बढ़ता राजस्थान

निवाई (का.स.)। शुक्रवार को जलदाय विभाग के कर्मचारियों द्वारा राजस्थान सरकार के फैसले के विरोध में नारेबाजी कर प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनकारियों ने बताया कि जलदाय विभाग को 'राजस्थान वाटर सप्लाई एण्ड सीवरेज कॉरपोरेशन' में हस्तांनानतरित करने के राजस्थान सरकार के फैसले के विरोध में 'संयुक्त संघर्ष समिति' के बैनर तले प्रदेशभर में जलदाय विभाग के इंजीनियर व कर्मचारी छुट्टी पर रहे इसके साथ ही जलदाय विभाग उपखंड के इंजीनियर व कर्मचारियों द्वारा भी 'आरडब्ल्यूएसएससी' वापस लो नारे लिखी तख्तियां हाथों में लेकर विरोध प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर सहायक अभियंता नितिन जैन, कनिष्ठ अभियंता देवाशीष वैद्य व आशीष शर्मा, अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी सुनील जैन, कनिष्ठ सहायक दीपेंद्र चौहान व पारस वर्मा, फीटर देवराज राजावत, राम अवतार कुम्हार सहित अन्य कर्मचारी मौजूद थे।

शिवालय में हुआ सहस्त्र घट का आयोजन

भोलेनाथ का अलग-अलग मुद्रा में करते हैं श्रृंगार

बढ़ता राजस्थान

निवाई(का.स.)। प्राचीन शिवालय मायला कुंड में शुक्रवार को आचार्य हनुमानप्रसाद शास्त्री के निर्देशन में अखंड सहस्त्र घट का आयोजन हुआ। श्रद्धालु पवन साहू ने बताया कि शिवालय में श्री भोलेश्वर महादेव सेवा समिति के तत्वावधान में श्रावण मास के दौरान अखंड सहस्त्र घट का आयोजन किया जा रहा है। आचार्य हनुमान प्रसाद शास्त्री के निर्देशन में पंडित मुकेश शास्त्री व पंडित रवि शर्मा के सानिध्य में यजमान अनीस सोनी व जतिन सोनी ने भगवान भोलेनाथ की विधि विधान से पूजा कर जलाभिषेक कर रहे हैं। सहस्त्र घट के बाद श्रृंगारकर्ता राजू सोनी, सीटू सोनी, लक्की पंडा, गौरव साहू, अर्पित नामा व मयंक जांगिड़ भगवान भोलेनाथ का प्रतिदिन अलग-अलग मुद्रा में श्रृंगार करते हैं।

सुरक्षा बलो ने जांची मन्दिर की सुरक्षा

बढ़ता राजस्थान

मालपुरा (नि.स.)। उपखण्ड की सुविख्यात धार्मिक नगरी डिग्गी स्थित श्री कल्याण जी महाराज के मन्दिर में अगस्त माह में आयोजित होने वाले लक्खी पदयात्रा मेले को लेकर एसटीएफ एवं ईआरटी जैसी सुरक्षा बलो की कम्पनी ने मन्दिर परिसर सहित आसपास की सुरक्षा व्यवस्थाओ का जायजा लिया। शुक्रवार को कम्पनी कमांडर ताराचंद साखंला के निर्देशन में सुरक्षा बलो का एक दल डिग्गी पहुंच श्री कल्याण जी महाराज के मन्दिर पहुंचा। इस दौरान यहां मौजुद पुलिस ग्राम रक्षक दल के सदस्य सुरेन्द्र कुमार शर्मा ने सुरक्षा बलो की कम्पनी की अगवानी की। वहीं कम्पनी कमांडर ने सम्पूर्ण मन्दिर परिसर सहित आसपास के क्षैत्र का जायजा लिया। गौरतलब है कि अगस्त माह में 11 से 15 अगस्त तक डिग्गी में 59वों लक्खी पदयात्रा मेला आयोजित होगा। इस आयोजन को लेकर ही सरकार के निर्देशानुसार सुरक्षा बलो के दल ने मन्दिर व आसपास के क्षैत्रो का जायजा लिया। इसका मुख्य उद्धेश्य मेले के दौरान सुरक्ष को लेकर अपनाई जाने वाली रणनीति सहित सुरक्षा की कार्ययोजना तैयार करना है।

राजकीय महाविद्यालय टोंक में कई दिनों से बंद पड़े पंखे को लेकर दिया प्राचार्य को ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान

टोंक (का.स.)। राजकीय महाविद्यालय में काफी समय से क्लासरूम के पंखे खराब है जिससे विद्यार्थी को गर्मी सहनी पड़ती है। जिन क्लास रूम में रेगुलर क्लास लगती है कहीं रूम में पंखे ही खराब पड़े हैं तो कुछ रूम मे पंखे बिल्कुल धीरे-धीरे चलते हैं जिससे विद्यार्थियों तक हवा नहीं पहुंच पाती है। बच्चो ने कई बार प्राचार्य को अवगत करवाने के बाद भी कोई करवाई नही हुई है। ज्ञापन देने के बाद प्राचार्य लोकेश शर्मा ने दिया आश्वासन दिया ।

रोडवेज कर्मचारियों ने विधायक यूनुस खान का पुतला फूंका

बढ़ता राजस्थान

जयपुर (का.स.)। राजस्थान रोडवेज के श्रमिक संगठनों के संयुक्त मोर्चे के आह्वान पर शुक्रवार को रोडवेज कर्मचारियों ने डीडवाना के निर्दलीय विधायक एवं पूर्व बीजेपी सरकार के परिवहन मंत्री यूनुस खान के प्रदेशभर में रोडवेज की सभी इकाइयों पर पुतले फूंके गए। जानकारी के अनुसार यूनुस खान द्वारा बीस जुलाई को परिवहन विभाग की अनुदान मांगों पर चर्चा के दौरान डीजल मंहगा हो जाने के कारण रोडवेज की बसों को बढ़ावा देने के बजाय निजी मालिकों की लोक परिवहन सेवा की बसों का विस्तार करने की पुरजोर वकालत करने से रोडवेज के आम कर्मचारी-अधिकारी उनसे खासे नाराज हैं। राजस्थान रोडवेज के श्रमिक संगठनों के संयुक्त मोर्चे के संयोजक एम.एल. यादव ने बताया कि जयपुर में चोमू हाऊस एरिया में पुराने केंद्रीय कार्यशाला के सामने से बड़ी संख्या में

रोडवेज कर्मचारियों ने यूनुस खान का पुतला लेकर उनके विरुद्ध नारे लगाते हुये रोडवेज मुख्यालय तक रैली निकाल कर सभा की। सभा को एटक के महासचिव धर्मवीर चौधरी, सीटू के महासचिव किशन सिंह राठौड़, इंटक के संयोजक आलोक दुबे, एसोसिएशन के अध्यक्ष आनंद चौधरी एवं कल्याण समिति के नेता ताराचंद जैन ने सम्बोधित करते हुये यूनुस खान द्वारा विधानसभा में दिये गये रोडवेज विरोधी बयान की कठोर शब्दों में निंदा करते हुये राज्य सरकार से पुरजोर मांग की है कि रोडवेज की आय में व्यापक बढ़ोतरी के लिये बिना किसी देरी के समुचित उपाय किये जायें। सभा के बाद कर्मचारियों के नारों के बीच यूनुस खान का पुतला फूंका गया।

उल्लेखनीय है कि दिसंबर 2013 से दिसंबर 2018 की अवधि में बीजेपी सरकार में यूनुस खान जब परिवहन मंत्री थे, तब उन्होंने प्रदेश में लोक परिवहन सेवा की निजी बसों को बड़ी संख्या में परमिट देकर रोडवेज बसों के समानांतर रोडवेज के बस स्टैंडों से संचालित करने का फैसला करके उसे लागू करने के लिये एड़ी चोटी का जोर लगाया था। किन्तु प्रदेश में रोडवेज के बहादुर कर्मचारियों के एकताबद्ध लम्बे आंदोलन सहित 06 अक्टूबर 2016 की प्रदेशव्यापी चक्कजाम हड़ताल के परिणामस्वरूप बीजेपी सरकार को रोडवेज के बस स्टैंडों से लोक परिवहन सेवा की निजी बसों को संचालित करने का फैसला वापस लेने के लिये मजबूर होना पड़ा था। ये भी उल्लेखनीय है कि वर्ष 2018 के राज्य विधान सभा के चुनाव में टोंक विधानसभा क्षेत्र से विधायक का चुनाव लड़ रहे यूनुस खान को हराने के लिये राजस्थान रोडवेज के श्रमिक संगठनों के संयुक्त मोर्चे के आह्वान पर रोडवेज के हजारों कर्मचारियों ने 02 दिसम्बर 2018 को टोंक में प्रदेश स्तर की रैली आयोजित की थी।

जेकेके में 5वां जयपुर टाइगर फेस्टिवल आज से

अलंकार गैलरी में साकार होगा जंगल, जीवंत होगी बाघों की जिंदगी, इंटरनेशनल टाइगर डे के मद्देनजर हो रहा है कार्यक्रम

बढ़ता राजस्थान

जयपुर (का.स.)। इंटरनेशनल टाइगर डे के मद्देनजर राजस्थान हेरिटेज, आर्ट एंड कल्चरल फाउंडेशन की ओर से जवाहर कला केन्द्र में 27 से 30 जुलाई तक 5वें जयपुर टाइगर फेस्टिवल (जेटीएफ) का आयोजन होगा। शनिवार शाम 4 बजे जेटीएफ का उद्घाटन होगा। फेस्टिवल के अंतर्गत अलंकार गैलरी में देश-दुनिया के वाइल्ड लाइफ फोटोग्राफर्स की 200 से अधिक फोटो की प्रदर्शनी लगाई जाएगी। सर्वश्रेष्ठ तस्वीरों के लिए पुरस्कार भी दिए जाएंगे। तस्वीर पर क्यूआर कोड स्कैन करते ही उससे जुड़ी समस्त जानकारी दर्शकों के फोन पर होगी।

बाघों की दुनिया में तब्दील होगी अलंकार गैलरी

जेटीएफ के अध्यक्ष संजय खवाड़ ने बताया कि सबसे खास बात यह है कि जेटीएफ के दौरान अलंकार गैलरी में बाघों की दुनिया साकार होगी। दरअसल आगंतुकों को जंगल का अनुभव देने के लिए वीआर तकनीक का उपयोग किया जा रहा है। इससे वन्यजीव प्रेमी जंगल का रोमांच उठा सकेंगे। इसी के साथ लाइव टाइगर पेंटिंग, टाइगर स्टोरी, मूवी स्क्रीनिंग, पोस्टल स्टाम्प एग्जीबिशन आदि एक्टिविटी होगी।

गोविन्द नाटाणी का किया सम्मान

बढ़ता राजस्थान

जयपुर (का.स.)। अखिल भारतीय नाटाणी परिवार समिति के राष्ट्रीय महामंत्री गोविन्द नाटाणी का विश्व पर्यावरण दिवस से एक परिवार एक पौधा अभियान चलाये जाने के तहत शुक्रवार को पर्यावरण संरक्षणता एवं जागरूकता अभियान को सफल बनाये जाने पर अखिल भारतीय नाटाणी परिवार समिति की ओर से गोविन्द नाटाणी के जन्मदिन पर सम्मान किया गया। इस अवसर पर अखिल भारतीय नाटाणी परिवार समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष दीनदयाल नाटाणी, कोषाध्यक्ष अंकित नाटाणी, कार्यकारी सदस्य कृष्णकुमार नाटाणी, राहुल नाटाणी, आशीष नाटाणी एवं समिति के पूर्व महामंत्री विनोद नाटाणी उपस्थित रहे। इस अवसर पर वृक्षारोपण करने का संदेश देते हुए एक परिवार को एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए एवं संरक्षण करना चाहिये। ताकि प्राकृतिक संतुलन बना रहे।

गलता कुंड नहाते समय पैर फिसलने एक युवक की डूबने से मौत

बढ़ता राजस्थान

जयपुर (का.स.)। गलता गेट थाना इलाके गलता कुंड में शुक्रवार दोपहर एक युवक की डूबने से मौत हो गई। जानकारी में सामने आया है कि नहाते समय युवक का पैर फिसलने से वह कुंड में गिरा था और फिर उसकी पानी में डूबने से मौत हो गई। सूचना मिलने पुलिस सहित सिविल डिफेंस टीम मौके पर पहुंची और रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर शव को पानी से बाहर निकाला। पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए शव को सवाई मानसिंह अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया। एसआई गोवर्धन सिंह ने बताया कि शुक्रवार दोपहर को गलता तीर्थ स्थित कुंड पर अलवर निवासी अनिल सैनी (25) नहाने आया था। कुंड में नहाने के लिए उतरते समय पैर फिसलने से गिर गया। पानी में डूबते देखकर वहां मौजूद लोगों ने तुरंत पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना दी।

कांग्रेसी नेताओं ने जनता के बीच नेगेटिव एजेंडा सेट करने का काम किया लेकिन देश की जनता ने मोदी पर विश्वास जताकर दिया करारा जवाब : भूपेंद्र चौधरी

बढ़ता राजस्थान

जयपुर (का.स.)। उत्तर प्रदेश के भाजपा प्रदेशाध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी शुक्रवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय पहुंचे। इस दौरान भाजपा प्रदेश कार्यालय प्रभारी मुकेश पारीक ने उनका राजस्थानी परम्परा के अनुसार साफा और दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान प्रदेश सह प्रभारी विजया राहटकर से यूपी प्रदेशाध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने मुलाकात कर मंत्रणा की।

उत्तर प्रदेश भाजपा प्रदेशाध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कांग्रेस पार्टी पर आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी सदैव धर्म और आस्था के नाम पर राजनीति करती है। कांग्रेसी नेता तुष्टिकरण की नीति पर काम कर रहे है। कांग्रेस केवल झूठ की दुकान चला रही है और देश की जनता को गुमराह करने का काम कर रही है। कांग्रेसी नेताओं ने जनता के बीच नेगेटिव एजेंडा सेट करने का काम किया है, लेकिन देश की जनता कांग्रेस और कांग्रेसी नेताओं के इस नेगेटिव एजेंडे को समझ गई है। देश की जनता ने तीसरी बार प्रधान सेवक के रूप में नरेंद्र मोदी पर विश्वास जताकर कांग्रेस को करारा जवाब दिया है।

यूपी भाजपा प्रदेशाध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने कहा कि ये भाजपा ही है जो आस्था और परम्परा को साथ लेकर आगे बढ़ रही है। भाजपा ने 500 सालों से लंबित जन जन के आस्था के केंद्र राम मंदिर का निर्माण करवाकर जन भावनाओं का सम्मान किया है। चौधरी ने कारगिल विजय दिवस पर देश के वीर शहीदों को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए याद किया। वहीं राज्यसभा सांसद मदन राठौड़ को प्रदेशाध्यक्ष बनाए जाने पर केंद्र का आभार जताया और राठौड़ को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मदन राठौड़ के नेतृत्व में राजस्थान में पार्टी आगे बढ़ेगी।

आकाश नेशनल टैलेंट हंट एग्जाम (एंथे) 2024 किया लांच 19 से 27 अक्टूबर, 2024 तक ऑनलाइन और ऑफलाइन होगी

कक्षा सातवीं से बारहवीं के छात्रों के लिए सौ फीसदी तक छात्रवृत्ति और नकद पुरस्कार

बढ़ता राजस्थान

जयपुर (का.स.)। आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड ने आकाश नेशनल टैलेंट हंट एग्जाम (एंथे) 2024 के लांच की घोषणा की है। एंथे लोकप्रिय और सबसे अधिक मांग वाली परीक्षा है, जो सातवीं-बारहवीं कक्षा के छात्रों को महत्वपूर्ण नकद पुरस्कारों के साथ सौ प्रतिशत तक छात्रवृत्ति अर्जित करने का मौका देती है, जिससे उन्हें चिकित्सा या इंजीनियरिंग में एक सफल करियर के अपने सपनों को हासिल करने में मदद मिलती है। एंथे 2024 का आयोजन 19 से 27 अक्टूबर 2024 के बीच ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों मोड में भारत के 26 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में होगा। 100 प्रतिशत तक की छात्रवृत्तियों के अलावा, शीर्ष स्कोरर्स को नकद पुरस्कार भी प्रदान किया जाएगा। एंथे ऑफलाइन परीक्षा 20 और 27 अक्टूबर 2024 को आकाश इंस्टीट्यूट के सभी 315. केंद्रों पर सुबह 10.30 बजे से 11.30 बजे तक आयोजित की जाएगी। जबकि ऑनलाइन परीक्षा 19 से 27 अक्टूबर 2024 के बीच किसी भी समय लिया दी जा सकती है। छात्र अपने अनुकूल समय में एक घंटे का स्लॉट चुन सकते हैं। एंथे 2024 के लिए रजिस्ट्रेशन फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि ऑनलाइन परीक्षा के प्रारंभ से तीन दिन पहले और ऑफलाइन परीक्षा के प्रारंभ से सात दिन पहले

है। परीक्षा शुल्क दोनों ऑफलाइन और ऑनलाइन मोड के लिए 200 रुपये फीस निर्धारित की गई है। छात्र 15 अगस्त 2024 से पहले पंजीकरण शुल्क पर फ्लैट 50 प्रतिशत की छूट भी प्राप्त कर सकते हैं।

आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड के सीईओ और एमडी, दीपक मेहरोत्रा ने बताया कि आकाश नेशनल टैलेंट हंट एग्जाम (एंथे) ने अनगिनत छात्रों की आकांक्षाओं और क्षमताओं के बीच अंतर को पाटने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। एंथे एक घंटे की परीक्षा होगी। जिसमें कुल 90 अंक होंगे और 40 बहुविकल्पीय प्रश्न होंगे, जो छात्रों की उनकी कक्षा और विषय विचारों के आधार पर होंगे। कक्षा 7 से 9 के छात्रों के लिए, प्रश्न भौतिकी, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान, गणित और मेंटल एबिलिटी से संबंधित होंगे। कक्षा 10 के छात्रों के लिए चिकित्सा शिक्षा के लिए भौतिकी, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान और मेंटल एबिलिटी से संबंधित होंगे, जबकि इंजीनियरिंग उम्मीदवारों के लिए भौतिकी, रसायन विज्ञान, गणित और मेंटल एबिलिटी से संबंधित होंगे। ठीक उसी तरह, नीट के लिए लक्ष्य रखने वाले कक्षा 11-12 के छात्रों के लिए प्रश्न भौतिकी, रसायन विज्ञान, वनस्पति विज्ञान और जूलॉजी से संबंधित होंगे, जबकि इंजीनियरिंग उम्मीदवारों के लिए भौतिकी, रसायन विज्ञान और गणित से संबंधित होंगे।

पटवारी दो हजार रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

जयपुर (का.स.)। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की बाड़मेर टीम ने शुक्रवार को कार्रवाई करते हुए मण्डल बीजासर तहसील धनाऊ,जिला बाड़मेर पटवारी रामूलाल मीणा को परिवादी से दो हजार रुपये की रिश्वत राशि लेते गिरफ्तार किया है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो पुलिस महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि एसीबी की बाड़मेर टीम को परिवादी ने शिकायत दी कि सरकारी योजना का लाभ लेने के लिए किये गये।

India MSME Week के दूसरे संस्करण का आयोजन किया

बढ़ता राजस्थान

जयपुर (का.स.)। India MSME Week इवेंट Business Rankers मैगज़ीन द्वारा राजस्थान सरकार के उद्योग और वाणिज्य विभाग के सहयोग से होटल रेडिसन, जयपुर में शुक्रवार को दिनांक 25 जुलाई 2024 को आयोजित किया गया । आयोजन में उद्योग राज्य मंत्री कृष्णा कुमार विश्नोई के साथ उद्योग विभाग के अधिकारी गण एवं विभिन्न प्रतिष्ठित व्यपारिक प्रतिष्ठानों एवं नव एंट्रेप्रेनुइर्स ने भाग लिया। एडिटर मूलचंद चाहर ने बताया कि राजस्थान के उद्योगपतियों, निर्यातकों और उद्यमियों की उत्कृष्ट उपलब्धियों को मान्यता देने के India MSME Week के दूसरे संस्करण का आयोजन किया गया था। राजस्थान सरकार और उद्योग विभाग ने राज्य में व्यवसायिक वृद्धि को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उनकी अटूट समर्थन ने कई योजनाओं के माध्यम से औद्योगिकीकरण को मजबूती प्रदान की है, जिससे व्यवसायियों और व्यापक समुदाय को काफी लाभ हुआ है। इस कार्यक्रम में उद्योग विभाग के अधिकारिओ द्वारा MSME क्लस्टर योजना और ODOP उत्पाद पर सभी प्रतिभागियों को विभिन्न सेशन के द्वारा विस्तृत जानकारी प्रदान की. साथ ही विभिन्न पैनल डिस्कशन के द्वारा MSME के विकास, भारत की आर्थिक प्रगति में योगदान और नेशन स्टॉक एक्सचेंज आदि के द्वारा जानकारी प्रदान की गई। इसके अतिरिक्त, उद्योग विभाग ने MSME का समर्थन करने के लिए कई योजनाओं और प्रोत्साहनों की जानकारी भी प्रदान की गई थी। इस आयोजन में यद्योग मातृ के सात, सिडबी के प्रबंध निदेशक अशोक पांडेय , उद्योग विभाग के श्री स. स शाह, अस्सिटेंट कमिश्नर, C B नवल एवं श्री R K सेठिया, मोहित टेलर ने भाग लिया ।

राज्यसभा सांसद मदन राठौड़ को भाजपा प्रदेशाध्यक्ष बनाए जाने पर भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशी का माहौल, भाजपा कार्यालय में हुई आतिशबाजी

बढ़ता राजस्थान

जयपुर (का.स.)। राज्यसभा सांसद मदन राठौड़ को भाजपा प्रदेशाध्यक्ष बनाए जाने पर भाजपा प्रदेश कार्यालय में आतिशबाजी कर जश्न मनाया गया। भाजपा के ओबीसी मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष चंपालाल गेदर के नेतृत्व में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष मोतीलाल मीणा, प्रदेश मंत्री मिथिलेश गौतम, अनन्तराम विश्नोई, भाजपा प्रदेश मीडिया संयोजक प्रमोद वशिष्ठ, भाजपा प्रदेश कार्यालय प्रभारी मुकेश पारीक सहित भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी व्यक्त की। भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष चंपालाल गेदर ने कहा कि सांसद मदन राठौड़ के नेतृत्व में प्रदेश में संगठन को ओर मजबूती मिलेगी और आने वाले उप चुनावों में भाजपा निश्चित तौर पर जीत दर्ज करवाएगी। पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष के तौर पर मदन राठौड़ सभी वर्ग, समुदायों को साथ में लेकर चलने वाले राजनेता है। भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व द्वारा प्रदेशाध्यक्ष पद पर विशेष रूप से ओबीसी समाज से आने वाले मदन राठौड़ के मनोनयन करने पर समाज के साथ सभी वर्गों के लोगों में भी खुशी का माहौल है। ओबीसी समाज भाजपा का कौर वोटर है और सदैव भारतीय जनता पार्टी के साथ जुड़ा हुआ है। भाजपा के सभी कार्यकर्ता प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ के नेतृत्व में मिलकर संगठन को आगे बढ़ाने का कार्य करेंगे। इस दौरान ओबीसी मोर्चा के प्रदेश महामंत्री महेंद्र सिंह पंवार, सुनील यादव, मोर्चा उपाध्यक्ष महेंद्र यादव, सीताराम पोसवाल, प्रदेश मंत्री सुनील गहलोत, कार्यालय मंत्री रामेश्वर प्रसाद गुर्जर, भवानी सिंह सहित भाजपा के पदाधिकारी, विभिन्न मोर्चा अध्यक्ष, प्रकोष्ठों के संयोजक और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

जवाहर कला केंद्र : समाज का कड़वा सच बयां करती है 'एनिमी ऑफ द पीपल' की कहानी

बढ़ता राजस्थान

जयपुर (का.स.)। जवाहर कला केंद्र की सहभागिता में आयोजित छह दिवसीय नटराज महोत्सव के चौथे दिन शुक्रवार को रंगायन में हेनरिक इब्सन द्वारा लिखित और योगेंद्र सिंह द्वारा निर्देशित नाटक 'एन एनिमी ऑफ द पीपुल' का मंचन हुआ। एयू बैंक, रज़ा फाउंडेशन और फोर्थ वॉल सोसाइटी के संयोजन से होने वाले इस महोत्सव में विभिन्न नाटकों का मंचन होगा।

मूल रूप से हेनरिक इबसेन द्वारा लिखित एक घंटे 50 मिनट का यह नाटक प्रसिद्ध कवि और लेखक नेमी चंद्र जैन के रूपांतरण पर आधारित है। यह एक यथार्थवादी नाटक है जो भ्रष्टाचार से एकल युद्ध छेड़ने वाले नायक की कहानी को बयां करती है। योगेन्द्र सिंह परमार द्वारा निर्देशित नाटक नायक डॉ.अभय कुमार के इर्द-गिर्द घूमता है। जो समाज और देश की भलाई के लिए समर्पित एक ईमानदार व्यक्ति है।

भ्रष्टाचार से जंग की कहानी है एनिमी : नाटक में दिखाया जाता है कि डॉ. अभय कुमार अपने इलाके में फैली महामारी पर जांच करते हुए पाते हैं कि शहर के मुख्य जलस्रोत का पानी दूषित है और बिमारियों का घर है। चमड़ा उद्योग से निकला गंदा पानी मिलने से यह पानी विषाक्त बन गया है जिसे पीने से लोग बीमार पड़ने लगते हैं। चमड़ा उद्योग उनके ससुर का है जबकि शहर का मेयर निर्भय कुमार डॉ.अभय का भाई है, जो मामले को दबाना चाहता है लेकिन इसके बावजूद डॉ. अभय अन्य लोगों को इस बात से सचेत करते है। मेयर डॉ. अभय को अपना बयान वापस लेने को कहता है लेकिन डॉ.अभय अपनी जांच पर तटस्थ हैं जिससे दोनों भाईयों के संबंधों में खटास पड़ जाती है और जनहित को समर्पित डॉ. अभय को ही जनशत्रु घोषित कर राजनीति और मीडिया के दुष्चक्र में फंसा दिया जाता है। इसके बाद डॉ. अभय भ्रष्टाचार के खिलाफ एकल जंग छेड़ देते है।

उन्हें शहर से निकालने की कोशिश भी की जाती है। सबसे मजबूत इंसान वह है जो अकेला खड़ा होता है इसी सोच के साथ वह अपनी जंग जारी रखते है।

समाज को संदेश देते हैं निर्देशक परमार : एनिमी.. नाटक की कहानी समाज का कड़वा सच बयां करती है। नाटक के माध्यम से निर्देशक योगेन्द्र सिंह परमार समाज को कड़ा संदेश देते हैं कि ईमानदारी और अच्छाई की राह आसान नहीं है। अगर किसी को इस दुनिया में सच्चाई और ईमानदारी के साथ रहना है तो उसे हर पल %जनता के दुश्मन% की तरह जीना होगा। परमार ने बताया कि इब्सन को यूं ही यर्थाथवाद का जनक नहीं कहा जाता है। वह अपने दर्शक को सिर्फ एक रोचक कथानक नहीं देते बल्कि एक मंथन का भागीदार बनाते हैं।

अधिकारियों की लापरवाही से पेयजलापूर्ति के पम्प हाउस हुए जर्जर

क्षतिग्रस्त पंपहाउस में पैदा हुए सांप बिच्छू जहरीले जीव



बढ़ता राजस्थान

चाकसू (गिरिराज प्रसाद शर्मा)। चाकसू नगर पालिका क्षेत्र जलापूर्ति के लिए बरसों पुरानी बनी टंकियों एवं भूतल जलाशयों की देखभाल, समय समय पर मरम्मत एवं नियमितसाफ-सफाई के अभाव में हालात दयनीय होते जा रहे हैं। जलदाय विभाग गोलीराव तालाब किनारे सबसे पुराना मूत्र जलाशय एवं टंकी हो अथवा कोटखावदा रोड पर स्थित पम्प हाउस एवं वाटर टेंक, छांदेल कला क्षेत्र में निर्मित भूतल जलाशयों एवं वाटर टेंक के साथ निर्मित भवनों की हालत पूरी तरह जर्जर हो चुकी है। कर्मचारी यहां रुकना ही नहीं चाहते, जर्जर क्षतिग्रस्त भवन एवं जलाशयों की छत कभी भी धराशाई हो सकती है। अधिकारियों ने समय रहते कभी भी इनकी मरम्मत अथवा जीर्णोद्धार पर ध्यान नहीं दिया। कोटखावदा रोड पर देवनारायण छात्रावास के पास निर्मित पम्प हाउस इतना जर्जर एवं क्षतिग्रस्त हो चुका है कि दरारों एवं पत्थरों के नीचे सांप बिच्छू जैसे जहरीले कीड़े पैदा हो गया है। पानी सप्लाई का कार्य देख रहे कर्मचारियों में अनजाना भय व्याप्त हो गया है। परिसर की हालत देखकर ठहरते भी नहीं है। कर्मचारियों द्वारा जिम्मेदार अधिकारियों को समस्या को लेकर बार-बार अवगत कराने के बावजूद भी इस समस्या के समाधान पर अधिकारियों ने ध्यान नहीं दिया। पंप ऑपरेटर प्रभु लाल सैनी ने बताया कि पंप हाउस के हालात बहुत खराब है यहां आए दिन जहरीले सांप बिच्छूओं का सामना करना पड़ रहा है पम्प हाउस ऑपरेटर को जान जोखिम में डालकर काम करना पड़ रहा है। लेकिन भवन की मरम्मत और सुविधाओं के बढ़ाने के लिए कभी भी प्रयास नहीं किया गया।

बारिश के समय में कार्यालय के अंदर सांप, बिच्छू और गोह जैसे खतरनाक जीवों का डेरा होने से कर्मचारी दहशत में है। जलदाय विभाग जेईएन दिलखुश मीना ने बताया कि मौका स्थिति देखकर उच्च अधिकारियों को समस्या से अवगत करा कर पंप हाउस की रिपेयरिंग कराई जाएगी।

राशन विक्रेताओं ने नायब तहसीलदार शिवानी शर्मा को सौंपा ज्ञापन

मांग पूरी नहीं होने पर हड़ताल की दी चेतावनी

बढ़ता राजस्थान

पावटा (नि.स.)। राशन विक्रेता संघर्ष समिति जयपुर के आह्वान पर शाखा पावटा के राशन विक्रेताओं ने भी भजन लाल सरकार के खिलाफ मोर्चा खोला दिया है। शुक्रवार को राशन विक्रेताओं ने उपखंड कार्यालय पर अपनी मांगों को लेकर विरोध प्रदर्शन किया और नायब तहसीलदार शिवानी शर्मा को ज्ञापन सौंपा। पावटा शाखा के राशन विक्रेता शिम्भू दयाल यादव ने बताया कि पूर्व में भी राशन विक्रेता अपनी मांगे मनवाने के लिए मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दे चुके है लेकिन राजस्थान सरकार व खाद्य विभाग की ओर से कोई संज्ञान नहीं लिया गया। राशन विक्रेता शिव कुमार पावटा ने बताया कि एक बार फिर से सीएम भजन लाल के नाम ज्ञापन प्रेषित किया है। जिसमें राशन विक्रेताओं को प्रतिमाह 30 हजार रुपए मानदेय व राशन में प्रति क्विंटल 02 फीसद छीजत दी जाए। साथ ही बीते 06 माह से राशन डिलर्स को कमीशन नहीं मिला है। उसे तुरंत रिलीज किया जाए। जबकी राशन डीलरों को एडवांस में कमीशन देने का प्रावधान है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार 31 जुलाई तक मांगों को अमल में नहीं लाती है तो सभी राशन विक्रेता 01 अगस्त से अनिश्चित कालिन हड़ताल कर आंदोलन करने पर विवश होंगे जिसकी समस्त जिम्मेवारी शासन - प्रशासन की होगी। इस दौरान प्रागपुरा निवासी सुरेश कुमार मीणा, मुखराम यादव, घनश्याम सिंह, विजय कुमार शर्मा, मुरारी लाल गुप्ता, श्योपाल गुर्जर, संदीप कुमार यादव, मुकेश कुमार यादव, ओमप्रकाश यादव, विशम्बर दयाल, कबूल सिंह राठौड़, पुष्कर शर्मा, नरेश यादव, घनश्याम यादव, रमेश स्वामी, सीताराम समेत अन्य राशन डिलर मौजूद रहे।

मुख्य मार्गो पर लगे डिवाईडर हटाये जाने की मांग जिला कलेक्टर व नगर परिषद आयुक्त को सौंपा ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान

कोटपूतली (नि.स.)। समाजसेवी राधेश्याम शुक्लावास के नेतृत्व व नगर व्यापार महासंघ, कोटपूतली के अध्यक्ष मैथलीशरण बंसल की अगुवाई में वस्त्र व्यापार संघ अध्यक्ष होशियार सिंह कसाना, किराणा व्यापार संघ अध्यक्ष हरिराम सैनी, फूटवियर अध्यक्ष किशन लाल, स्वच्छता सेवा दल संयोजक प्रवीण बंसल, नगर परिषद नेता प्रतिपक्ष व पार्षद प्रमोद गुरूजी आदि ने गुरूवार को जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल व नगर परिषद आयुक्त धर्मपाल जाट को ज्ञापन सौंपकर कस्बे के मुख्य मार्गो पर लगे डिवाईडरों को हटाये जाने की मांग की है। ज्ञापन में बताया कि मास्टर प्लान की कार्यवाही के दौरान कस्बे के मुख्य चौराहे से अग्रसेन सर्किल एवं शनि मंदिर से सरदार स्कूल तक सडक़ के बीचो बीच नगर परिषद द्वारा डिवाईडर लगाये गये है।

ज्ञापन के अनुसार गलत तरीके से लगे उक्त डिवाईडरों से कस्बे में एक्सीडेंट बढ़ रहे है। साथ ही कई स्थानों पर पतली गली रह जाने से दुपहिया वाहन भी नहीं निकल पाते एवं दुकानदारों का व्यापार प्रभावित हो रहा है। डिवाईडरों की वजह से वाहनों को रेंग रेंग कर चलना पड़ता है। साथ ही छोटे बड़े वाहनों के रोंग साईड से निकलने के कारण एक्सीडेंट व जाम की स्थिति बनी रहती है। पूर्व में कई बार उक्त डिवाईडरों को हटाने की मांग की गई है लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई। ज्ञापन में लिखा है कि अगर डिवाईडरों को नहीं हटाया गया तो व्यापारी धरना प्रदर्शन करने पर मजबुर होगें।

पत्रकारों की चंद्रेसल आवासीय योजना के लिए संघर्ष करेगा ग्रेटर कोटा प्रेस क्लब

ग्रेटर कोटा प्रेस क्लब की संरक्षक मंडल व कार्यकारिणी की बैठक सम्पन्न

बढ़ता राजस्थान

कोटा (का.स.)। ग्रेटर कोटा प्रेस क्लब के संरक्षक मंडल व कार्यकारिणी की बैठक छावनी स्थित रोटरी बिनानी सभागार में आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न मुद्दों को लेकर चर्चा की गई। प्रमुख रूप से नगर विकास न्यास की पत्रकारों के लिए प्रस्तावित चंद्रेसल आवासीय योजना की लाटरी जल्द निकालने के लिए प्रयास तेज किए जाएंगे। क्लब इस योजना के क्रियान्वयन के लिए मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार, लोकसभा स्पीकर ओम बिरला एवं अन्य अधिकारियों से मिलेगा। इसके लिए शीघ पत्रकारों का एक प्रतिनिधिमंडल जयपुर जाकर मुख्यमंत्री से मुलाकात करेगा। ग्रेटर कोटा प्रेस क्लब के अध्यक्ष सुनील माथुर ने बताया कि कार्यकारिणी की बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय भी लिए गए, इसके साथ ही सदस्यता नवीनीकरण, सदस्यता अभियान, आम सभा व पत्रकारों के हितों में कई योजनाओं पर विचार विमर्श किया गया। उन्होंने कहा की सदस्यता नवीनिकरण 10 अगस्त से शुरू किया जाएगा। क्लब की हर माह नियमित बैठक भी आयोजित की जाएगी जिसमें प्रमुख विषयों का फॉलोअप किया जाएगा और विचार विमर्श कर उनका क्रियान्वयन करने का प्रयास किया जाएगा। ग्रेटर कोटा प्रेस क्लब के महासचिव अनिल भारद्वाज ने बताया कि सिटी ऑफिस को मीडिया सेंटर के रूप में विकसित किया जाएगा। मीटिंग के पश्चात ग्रेटर कोटा प्रेस क्लब के कोषाध्यक्ष बद्री प्रसाद गौतम के जन्मोत्सव को भी मना कर उन्हें शुभकामनाएं दी गई। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार स्व. नरेश विजय वर्गीय, अर्जुन देव चढ्डा, जय नारायण सक्सेना के निधन पर 2 मिनट का मौन रखकर कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। बैठक की अध्यक्षता प्रेस क्लब के अध्यक्ष सुनील माथुर द्वारा की गई। बैठक में वरिष्ठ उपाध्यक्ष हेमंत शर्मा, उपाध्यक्ष हरि मोहन शर्मा, संयुक्त सचिव चंद्र प्रकाश शर्मा, कोषाध्यक्ष बद्री प्रसाद गौतम, कार्यकारिणी सदस्य रुबीना काजी, मनीष गौतम, लेखराज शर्मा, हंसपाल यादव, संरक्षक केएल जैन, सुबोध जैन, पवन आहूजा, श्याम रोहिड़ा, प्रद्युमन शर्मा, धीरज गुप्ता सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

करंट से लाइनमैन की हुई मौत, दोषी कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की

बढ़ता राजस्थान

पावटा (शशिकांत शर्मा)। कस्बा स्थित किशनपुरा नदी के पास विद्युत लाइन को ठीक करते समय संविदाकर्मी लाइनमैन कि करंट से मौत हो गई। घटना के बाद शव को पावटा अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया है। परिजनों और ग्रामीणों ने मुआवजे की मांग करते हुए शव लेने से इंकार कर दिया। फिलहाल परिजनों से समझाइश की जा रही है। सूचना पर पावटा सीएचसी पहुंचे परिजन और ग्रामीणों ने लापरवाही का आरोप लगाते हुए बिजली निगम के अधिकारियों को मौके पर बुलाने की मांग की और धरने पर बैठ गए। जहां पूर्व विधायक इंद्राज गुर्जर, एसडीएम कपिल उपाध्याय, तहसीलदार प्रवीण कुमार सैनी व डीएसपी रोहित सांखला समेत कई अधिकारी मौके पर पहुंचे और धरनार्थियों से समझाइश का प्रयास किया लेकिन ग्रामीणों ने दोषी अधिकारी कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई और पीड़ित परिवार को 50 लाख रुपये का मुआवजा व सरकारी नौकरी देने की मांग की। प्रागपुरा थाना प्रभारी राजेश मीणा ने बताया कि भैंसलाना निवासी राजेश सिंह (35) किशनपुरा धुलकोट ग्रिड स्टेशन से शट डाउन लेकर 11 हजार केवी लाइन की मरम्मत कार्य कर रहा था। इस दौरान किसी ने ग्रिड से बिजली लाइन चालू कर दी। जिससे लाइनमैन राजेश सिंह की करंट लगने से मौत हो गई। मृतक का शव पावटा मोर्चरी में रखवाया गया है। मृतक के पिता सवाई सिंह ने बताया कि हादसे से 30 मिनट पहले राजेश से बातचीत कर उसे भैंस के लिए दवा लाने को कहा था। राजेश ने बताया कि 15 - 20 मिनट में काम खत्म करके वह दवाई लेकर घर पहुंचने की बात कही थी। ग्रामीणों ने बताया कि घर में एकमात्र कमाने वाला राजेश था। छोटा भाई अभी पढ़ाई कर रहा है। राजेश की शादी 2013 में हुई थी। उसके चार वर्ष का एक बेटा है।

केंद्रीय बजट युवाओं को समर्पित 2047 तक विकसित भारत का विजन है:सुनील अग्रवाल, अध्यक्ष फोर्टी यूथ विंग

बढ़ता राजस्थान

जयपुर (का.स.)। फोर्टी अध्यक्ष यूथ विंग सुनील अग्रवाल का कहना है कि यह बजट युवाओं के लिए समर्पित केंद्रीय बजट उद्योग एवं व्यापार बढ़ाने वाला है। एक करोड़ युवाओं को 500 कंपनियों में इंटर्नशिप का अवसर और 6 हजार रुपये एकमुश्त और प्रतिमाह 5000 भत्ता जैसा कदम युवाओं में कौशल विकास करेगा और स्वावलंबी बनाने में मददगार साबित होगा। एमएसएमई क्लस्टर स्तर पर सिडबी की शाखाएं खोलना, ई-कॉमर्स निर्यात केंद्रों की स्थापना किए जाने जैसे कदम सराहनीय हैं। इस बजट में एमएसएमई के लिए नया वैल्यूएशन मॉडल, 100 करोड़ तक ऋण के लिए गारंटी योजना, , कैपिटल गेन टैक्स और फ्यूचर ऑप्शन में एसटीडी बढ़ाकर शेयर बाजार पर लगाम लगाने का प्रयास किया गया है। फिजिकल डिफिसिट नियंत्रण में होने से बैंकों की ब्याज दर कम हो सकती है। आयकर की दरों में छूट एवं राज्यों को स्टांप दर कम करने के निर्देश से हाउसिंग सेक्टर एवं मकान खरीदार को लाभ होगा। कैपिटल गेन में टैक्स दर कम करने से रियल एस्टेट में बढ़ोतरी होगी।

फोर्टी सेक्रेटरी यूथविंग गौरव मोदी का कहना है कि यह बजट 2047 तक विकसित भारत का विजन है बजट में खनिज मिशन स्थापित करने की घोषणा की गई है इसके तहत विदेशों में भी सरकार खनिजों का अधिग्रहण करेगी पहले से खोज लिए गए माइनिंग ब्लॉकों की नीलामी बेहतर कदम है

फोर्टी वूमेन विंग की अध्यक्ष डॉ. अलका गौड़ का कहना है कि कैंसर इलाज के लिए तीन प्रमुख दवाइयों को सीमा शुल्क में छूट सराहनीय है। एक्स रे ट्यूब और फ्लैट पैनल के निर्माण को प्रोत्साहन पर ध्यान दिया गया है। यह अच्छा है। सोने तथा चांदी पर सीमा शुल्क को 6 प्रतिशत घटाने से ग्राहकों को सस्ती दरों पर आभूषण खरीदने का अवसर मिलेगा, आभूषण उद्योग को प्रोत्साहन मिलेगा और अधिक निवेश आकर्षित होगा। आभूषण निर्माण उद्योग में वृद्धि से रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। इस प्रकार सोने, चांदी और प्लैटिनम पर कस्टम ड्यूटी में कटौती से समग्र रूप से भारतीय आभूषण उद्योग को व्यापार लाभ होंगे। देश के विकास के लिए और विदेशी मुद्रा को आकर्षित करने के लिए विदेशी कंपनियों के लिए कॉरपोरेट टैक्स 40 प्रतिशत से घटाकर 35 प्रतिशत किया जाना सराहनीय कदम है।

फोर्टी जनरल सेक्रेटरी ललिता कुच्छल का कहना है कि बजट में 5 साल का विज़न है सरकार द्वारा रिसर्च एंड डेवलपमेंट में एक लाख करोड़ के वित्तीय पुल की घोषणा किया जाना सराहनीय है, जिससे एक्सपोर्ट को बढ़ावा मिलेगा। मुद्रा लोन की राशि 20 लाख करना बेहतर कदम है। महिला विशिष्ट कौशल प्रशिक्षण का आयोजन अच्छा कदम है। उच्च शिक्षा के लिए 10 लाख तक के ऋण की घोषणा, महिलाओं और बालिकाओं को लाभ पहुंचाने वाली योजनाओं के लिए 3 लाख करोड़ रुपए का आवंटन किया जाना सराहनीय है। बजट देश के आर्थिक विकास में महिलाओं की भूमिका को बढ़ाने के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता का

एसडीएम ने ली उपखंड स्तरीय अधिकारियों की बैठक

बढ़ता राजस्थान

बानसूर (नि.स.)। कस्बे के पंचायत समिति सभागार में शुक्रवार को उपखंड अधिकारी रविकांत सिंह ने उपखंड स्तरीय अधिकारियों की बैठक ली। बैठक के दौरान एसडीएम रविकांत सिंह ने विभागों के अधिकारियों को ई फाइलिंग पेंडेंसी, संपर्क पोर्टल, आयोग से प्राप्त प्रकरण, सतर्कता, आवंटन संबंधी लंबित प्रकरण, समपरिवर्तन, जांच संबंधी प्रकरण, कोर्ट संबंधी पेंडेंसी को समय पर निस्तारित करने के लिए निर्देशित किया । इसके साथ ही मानसून के मध्यनजर बाढ़ राहत संबंधी कार्य, मौसमी बीमारियों, बिजली सप्लाई संबंधी समस्याओं व पशुपालन विभाग को पशुओं में फैलने वाले रोगों के बारे में टीकाकरण के संबंध में जानकारी ली एवं सभी विभागों के अधिकारियों को हरित बानसूर अभियान के तहत अधिक से अधिक वृक्षारोपण के लिए प्रेरित किया। इस दौरान एसडीएम ने सभी ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को अपनें विभागों में स्वयं के स्तर पर लंबित प्रकरणों का समय पर नियमानुसार निस्तारण कर आमजन को राहत प्रदान किए जाने सहित आमजन की समस्याओं को दूर करने के निर्देश दिए। इस मौके पर तहसीलदार गजेंद्र सिंह राठौड़ ,विकास अधिकारी महेंद्र सैनी, नगर पालिका ईओ विशाल यादव सहित ब्लॉक स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

पाना देवी कन्या महाविद्यालय में कारगिल दिवस मनाया

बढ़ता राजस्थान

कोटपूतली(नि.स.)। कस्बे के पाना देवी राजकीय कन्या महाविद्यालय में एनएसएस और स्थानीय रेंजर बालिकाओं ने संयुक्त रूप से कारगिल विजय दिवस समारोह पूर्वक मनाया। इस कार्यक्रम में छात्राओं ने प्रस्तुतियां दी। इस अवसर पर एनएसएस नोडल अधिकारी जगराम गुर्जर ने राष्ट्र के लिए बलिदान दिए अमर शहीदों को याद करते हुए छात्राओं को बताया कि राष्ट्र सर्वोपरी है जो हमारे जीवन से भी बढ़ कर है।

कारगिल विजय दिवस के अवसर पर वृक्षारोपण

बढ़ता राजस्थान

कोटपुतली (नि.स.)। कस्बे के लाल बहादुर शास्त्री राजकीय महाविद्यालय मे कारगिल विजय दिवस के अवसर पर वृक्षारोपण किया गया। प्राचार्य प्रो. आर. के. सिंह ने बताया कि कारगिल विजय के शहीदों की याद में महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना तथा एन.सी.सी. के संयुक्त तत्वावधान में संकाय सदस्यों के सहयोग से वृक्षारोपण किया गया। जिसमें बडी संख्या में फलदार, छायादार तथा सजावटी पादपों का रोपण किया गया। इस अवसर पर मत्स्य विश्वविद्यालय, अलवर से पधारे कुलदीप यादव व सुरेन्द्र सिंह यादव ने भी वृक्षारोपण कार्यक्रम में हिस्सा लिया।इस कार्यक्रम में सभी संकाय सदस्यों ने स्वयं तथा अपने बच्चों के जन्म दिवस तथा अन्य महत्वपूर्ण दिवसों के अवसर पर पौधारोपण करने का संकल्प लिया। वरिष्ठ संकाय सदस्य उर्मिल महलावत,मधु नागर,गीता गर्ग,पी.सी.जाट,भरत लाल मीणा,विजय सिंह यादव,बबीता, देशराज यादव,रघुवीर सिंह, बाबूलाल मीणा, रविन्द्र यादव ने पौधारोपण हेतु अपना विशेष योगदान दिया। इसके लिए प्राचार्य महोदय ने सभी को धन्यवाद दिया।कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ संकाय सदस्य सुरेश यादव,शीशराम यादव, राष्ट्रीय सेवा योजना के संयोजक सज्जन सिंह एन.सी.सी. प्रभारी बाबूलाल मीणा कार्यक्रम अधिकारी संदीप आर्य,जितेन्द्र कुमार यादव, योगेश यादव आदि संकाय सदस्य सहित बडी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहें।

एसबीडी राजकीय महाविद्यालय मे नव प्रवेशित विद्यार्थियों के लिये एसएफआई ने लगाया सहायता शिविर

बढ़ता राजस्थान

सरदारशहर (सुरेश शर्मा)। नव प्रवेशित छात्र छात्राओं के लिए एसएफआई तहसील कमेटी के द्वारा एसबीडी राजकीय महाविधालय मे विद्यार्थियों के लिये सहायता शिविर लगाया गया। तहसील के सबसे बड़े महाविद्यालय में जारी प्रवेश प्रक्रिया के दौरान छात्र छात्राएं के सहयोग के लिए स्स्न्ढ्ढ का शिवर आज तिसरे दिन भी जारी रहा जिसमें दुर दराज ग्रामीण से आने वाले विद्यार्थियों का दस्तावेज सम्बंधित सहायता की। तहसील संयोजक सन्दीप भारतीय ने बताया कि सहायता शिविर ही नहीं बल्कि छात्र छात्राओं की तमाम समस्याओं को लेकर स्स्न्ढ्ढ संघर्षरत हैं इस दौरान रविन्द्र सिंह चौहान, अनिल बरोड़,भरत सारण, रामलाल भादु, गौरीशंकर मेघवाल, शिवलाल, अनिल सारण आदि मौजूद रहें।

जिला धौलपुर पुलिस अधीक्षक मेहरड़ा की ताबड़तोड़ कार्रवाई

मोबाइल टावर से उपकरण चोरी करने वाले 11 आरोपी गिरफ्तार

70 लाख का माल बरामद, कंपनी में काम करने के बाद बनाई थी गैंग

बढ़ता राजस्थान

धौलपुर (राजू शर्मा)। धौलपुर में पुलिस ने चोरी के मामले में बड़ा खुलासा करते हुए 11 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से 70 लाख रुपए के मोबाइल टावर के महंगे उपकरण (आरआरयू/बीटीएस) बरामद किए हैं। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में दो लोग पूर्व में मोबाइल टावर कंपनी में काम कर चुके हैं। जिन्होंने मोबाइल टावर के महंगे उपकरणों की पहचान कर उन्हें चुराने के लिए गैंग बनाई।

एसपी सुमित मेहरड़ा ने बताया कि धौलपुर जिले में तीन दर्जन से अधिक मोबाइल टावर पर महंगे उपकरण की चोरी की वारदातें दर्ज हुई थी। जिसका खुलासा करने के लिए सदर थाना प्रभारी रामनरेश मीणा और बाड़ी थाना प्रभारी विनोद कुमार के नेतृत्व में साइबर थाने के साथ साइबर सेल, क्यूआरटी और डीएसटी टीम का गठन किया गया था। जिस टीम ने मामले का खुलासा करते हुए मोबाइल टावर में पूर्व में काम कर चुके दो आरोपी अर्जुन सेन (23) पुत्र हरविलास निवासी कायस्थपाड़ा, बाड़ी और राजू बघेल (22) पुत्र रमेश चंद निवासी कायस्थपाड़ा, बाड़ी को गिरफ्तार कर लिया। जिन्होंने पूछताछ में पुलिस को बताया कि पुणे मोबाइल टावर के महंगे उपकरण की अच्छी पहचान है। जिसको लेकर उन्होंने धौलपुर, भरतपुर और करौली के लोगों को मिलाकर एक गैंग बना ली। दोनों मुख्य आरोपी के साथ गैंग में शामिल दूसरे आरोपी राजू (21) पुत्र रोशन लाल, कुलदीप (22) पुत्र मोहन सिंह, भूरा (25) पुत्र रसाल सिंह, परमाल सिंह (25) पुत्र रघुनंदन, अजय उर्फ कल्ली (19) पुत्र कप्तान सिंह, रिंकू गुर्जर (24) पुत्र लाखन सिंह निवासी बाड़ी, भरतपुर के सुरेंद्र (33) पुत्र साहब सिंह और करौली के करतार (23) पुत्र जगदीश से की गई पूछताछ के बाद पुलिस ने करीब 70 लाख रुपए के मोबाइल उपकरणों को बरामद कर लिया। एसपी ने बताया कि साइबर सेल के हेड कॉन्स्टेबल नरेंद्र सिंह के साथ पुलिस की स्पेशल टीम में चोरी के उपकरण खरीदने के मामले में नई दिल्ली में दबिश देकर आरोपी असलम (35) पुत्र शहीद अहमद निवासी सरीन बाग को गिरफ्तार किया है।

युवाओं का ब्रेन वॉश कर गैंग में किया शामिल : एसपी ने बताया कि गैंग के मुख्य आरोपी अर्जुन सेन और राजू बघेल मोबाइल टावर कंपनी में काम करते थे। जिन्होंने अपने ही क्षेत्र के लोगों का ब्रेन वॉश कर उन्हें गैंग में शामिल किया। दोनों आरोपी मोबाइल टावर कंपनी में लगे महंगे उपकरणों का बीमा बताकर युवाओं को अच्छी नीयत से चोरी करने की बात कहते थे। जिनके जाल में फंसकर कई लोग चोरी की वारदात में शामिल हुए।

दिल्ली में दबिश देकर किया 70 लाख का माल बरामद : एसपी ने बताया कि मुख्य आरोपियों के निशानदेही पर पुलिस की टीम ने चोरी का माल खरीदने वाले आरोपी के बताए ठिकानों पर दबिश देकर 70 लाख रुपए का चोरी का माल बरामद किया है। उन्होंने बताया कि दोनों मुख्य आरोपी अर्जुन और राजू को महंगे उपकरणों की जानकारी थी। जिन्हें चुराने के बाद दिल्ली के रास्ते विदेश तक भी भेजा जाता था। जिसको लेकर उनसे पूछताछ की जा रही है।

कई जिलों में चोरी की वारदातें कबूली : पुलिस के हत्थे चढ़े चोरों ने धौलपुर के अलावा गंगापुर सिटी, सीकर, झुंझुनूं, अजमेर, खाटूश्यामजी, सवाईमाधोपुर, जोधपुर और करौली में भी चोरी की वारदात स्वीकार की है। जिसको लेकर पुलिस दिल्ली के रहने वाले आरोपी असलम से चोरी किए गए माल को बरामद करने के प्रयास कर रही है।

एसपी ने की अपील-चोरी की जानकारी पुलिस से करें साझा

एसपी ने चोरी के मामलों को लेकर अपील जारी की है। एसपी ने अपील करते हुए कहा है कि जिन लोगों के जानकारी में चोरी का सामान बेचने और खरीदने के मामले आते हैं। वे लोग इसकी सूचना पुलिस को दें। जिनका नाम और पहचान गुप्त रखी जाएगी।

चिंताजनक

समाज का कचरा कर रहे हैं रील बाज

हमारे देश की सभ्यता और संस्कृति में लोगों की सेवा और आपसी भाई चारा पूरे विश्व में जाना जाता था। लेकिन आज हमारी युवा पीढ़ी ने रील के माध्यम से ना जाने क्या-क्या अनाप शनाप ड़ाल-ड़ाल कर हमारी संस्कृति को खराब कर ड़ाला। मोबाईल के माध्यम से चंद रूपयों की खातिर रील बनाकर ड़ालने का नशा युवाओं और सभ्य समाज को किस प्रकार खराब कर रहा है ये किसी से छिपा नहीं। इसके साथ ही आज कल लोगों में विड़ियों बनाने का इतना क्रेज बढ़ गया है कि हर व्यक्ति पत्रकार बन बैठा है। कही कोई दुघर्टना हो जाए तो उसकी मदद की जगह उसके साथ सेल्फी लेना एक फैशन बन गया है। आमतौर पर देखा जा रहा है कि कही कोई आगजनी की घटना हो जाए तो पुलिस या दमकल को फोन करने की बजाय आग के साथ सेल्फी लेना युवाओं की पसंद और एक नया क्रेज बन गया है। हाल ही में उत्तर प्रदेश में एक कार में जिन्दा जलकर एक युवक की दर्दनाक मौत का नजारा भी लोगों ने अपने मोबाईल में कैद किया , यही नही कई लोगों ने तो उस हृद्य विदारक घटना के साथ सेल्फी भी ले डाली। ऐसे ही हाईवे पर वाहनों की दुर्घटनाओं पर युवा किसी घायल की मदद करने की अपेक्षा रील बाज रील के लिए दुघर्टनाग्रस्त वाहनों विड़ियों बनाना शुरू कर देते हैं। हाल ही में कितने की पिकनिक स्पॉट पर या अलवर में सिलीसेढ़ झील में बाईक पर स्टैंट करते पुलिस द्वारा धरे गए। अनकों स्थानों पर जहां झरने बहते हैं ना जाने रील के चक्कर में कितने ही घरों के चिराग हमेशा के लिए बुझ गए हैं। रील बनाने व पावर बाईक से स्टैंट करने का क्रेज युवाओं को अपने पथ से भटका रहा है। हमारे देश के महापुरूषों की पुण्यतिथि और जयन्ती पर हर बार सभी कॉलेजों और स्कूलों में बडी धूमधाम से मनाई जाती है और युवा शक्ति को महापुरूषों के जीवन दर्शन बताकर उनके बताए मार्ग पर चलने का आव्हान भी किया जाता है। लेकिन सब दिखावा साबित हो रहा है। मोबाईल से रील बनाने का बढ़ता हुआ क्रेज युवाओं को किस ओर धकेल रहा है इससे अधिक चिन्ता का विषय यह है कि इनके साथ समाज के सभ्य लोग कितने आहत हो रहे हैं। मोबाईल हमारी जरूरत है लेकिन इसके साथ युवाओं की बिगडती मनोदशा हमारे देश की सभ्यता और संस्कृति पर भी एक बड़ा सवाल खडा कर रही है। जिसका जवाब आने वाला समय ही देगा.....अनन्त

रूपक शर्मा
एडिटर, दैनिक बढ़ता राजस्थान
अलवर संस्करण

वार्ड एक के कर्मपुरा क्षेत्र के मुख्य रास्ते में पानी भराव, नागरिको ने किया प्रदर्शन

नागरिक का आरोप, बच्चे और बुजुर्ग के साथ मुर्दे भी परेशान, पालिका नहीं दे रही ध्यान

बढ़ता राजस्थान

बाड़ी/धौलपुर (राजू शर्मा)। शहर के वार्ड नंबर 1 कर्मपुरा गुमट के बड़े बुजुर्ग और युवा नागरिकों ने शुक्रवार को बाड़ी एसडीएम कार्यालय में एक ज्ञापन सौप वार्ड के मुख्य रास्ते में पानी भराव की समस्या के समाधान की मांग की है। नागरिकों का आरोप है की इस मुख्य रास्ते से वार्ड के लोग न केवल मातारानी के मंदिर और बच्चे शिक्षा के मंदिर जाते है बल्कि श्मशान घाट का भी यही एकमात्र रास्ता है। ऐसे में पानी भराव की समस्या से आमजन के साथ मुर्दे तक परेशानी हो रही है। जिसको लेकर नगर पालिका प्रशासन,वार्ड पार्षद और सफाई निरीक्षक को कई बार समस्या से अवगत कराया है लेकिन आज तक कोई सुनवाई नही हुई है।

वार्ड नं एक कर्मपुरा निवासी और भारतीय किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष बड़े बुजुर्ग सीताराम कुशवाहा के नेतृत्व में दिए ज्ञापन में वार्ड के पूर्व पार्षद बृजेश कुशवाहा,दिनेश कुमार के साथ भगत गजराज सिंह,भरत सिंह आदि ने बताया कि उनके वार्ड में यह रानपुर गांव को जाने वाला आम रास्ता है। इसी रास्ते से माता रानी के मंदिर जाते है। कुछ दूरी पर बच्चों का स्कूल है। और तो और गुमट और कर्मपुरा के लोग किसी की मृत्यु होने पर इसी रास्ते से शमशान घाट को जाते हैं। यहां नालियों के अकरुद्ध होने और पानी की निकासी नही होने के कारण बीच सड़क पर पानी भराव की समस्या बनी हुई है। उक्त समस्या को लेकर वार्डवासी कई बार अधिशाषी अधिकारी, नगर पालिका अध्यक्ष और वार्ड के मेंबर को अवगत करा चुके हैं लेकिन आज तक किसी ने समस्या पर कोई ध्यान नहीं दिया। ऐसे में एसडीएम कार्यालय में ज्ञापन सौपा है। इस मौके पर वार्ड के नागरिक राजेंद्र,हाकिम सिंह,काशीराम,मोती सिंह,मोहर सिंह,सुल्तान सिंह, चुन्नीलाल, रामवीर, पांचिया, रामभरोसी, मोहन,गजराज,टीकम सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

धरती पुत्रों की आवाज बने नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, सदन में उठाया किसानों की पीड़ा को

बढ़ता राजस्थान

अलवर/ जयपुर । नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने शुक्रवार को राजस्थान विधानसभा में प्रदेश के अन्नदाता किसान से जुड़े बाजरे एवं गेहूं के समर्थन मूल्य के मुद्दे को जोरदार तरीके से रखते हुए सदन में प्रदेश की भाजपा सरकार को घेरा। जूली बोले लांछन लगाना हमारा उद्देश्य नहीं,हमने जो प्रश्न लगाएएउनका सही उत्तर मिले,घुमा फिराकर उत्तर हमें नहीं मिले। उन्होंने कहा की भाजपा के घोषणा पत्र में समर्थन मूल्य का हवाला है हम चाहते थे मंत्री का जवाब आए कि हमारा घोषणा पत्र समर्थन मूल्य का जिक्र हैए इस बार हम बाजरे की खरीद शुरू कर देंगे। उन्होंने कहा कि देश के पीएम किसानों के प्रति बेहद चिंतित दिख रहे हैं लेकिन राजस्थान सरकार इसके विपरीत बेपरवाह बनी हुई है। उन्होंने कहा कि आपने गेहूं के समर्थन मूल्य की 2700 रुपए की बात कही,लेकिन आप 125 रुपए ही बढ़ा पाए,अगर आप आज घोषणा कर देंगे तो राजस्थान के किसानों में खुशी होगी। उन्होंने कहा कि अगर आप बाजरे की डिमांड को लेकर आस्वस्त कर पाए हैं तो राजस्थान में बारिश हो रही है और सरकार भी बरस जाए तो राम भी राजी और राज भी राजी। उन्होंने कहा कि आप किसानों की बात करते हैंए उनकी मदद की बात करते हैं लेकिन गेहूं की खरीद नहीं कर पाए अब जो खरीद हुई वह पिछले साल के मुकाबले चौथे हिस्से की ही हुई हमने 20 लाख टन खरीदा आपने केवल 5 लाख टन ही खरीदा है।इससे पूर्व जूली ने प्रदेश के मुख्यमंत्री के सदन में उपस्थित होने पर कहा कि आज आप सदन में आए तो अच्छा लगा। भैरोंसिंह शेखावत मुख्यमंत्री थे तो हमेशा सदन में बैठते थे, चीफमिनिस्टर बैठते हैं तो सदन की गरिमा बढ़ती है आप आए हैं तो हमें अच्छा लगा।

अग्रवाल महिला मंडल ने पौधरोपण कर देखभाल करने का संकल्प लिया

बढ़ता राजस्थान

धौलपुर (राजू शर्मा)। जिला अग्रवाल महिला संगठन धौलपुर के तत्वावधान में अग्रवाल महिला मंडल बरौली के द्वारा स्थानीय अग्रवाल धर्मशाला में एक श्रावण मास मिलन समारोह का आयोजन किया गया। बरौली इकाई की महिला पदाधिकारियों ने मिलकर पौधारोपण किया। उनको सुरक्षित रखने व नियमित पानी देने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान अग्रसेन के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके हुआ। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि कमलेश गर्ग प्रदेश महिला अध्यक्ष ने कहा कि वृक्ष परोपकार का सबसे बड़ा उदाहरण है, जो अपने पर उगने वाले फलों को सदैव दूसरों को सौंप देते हैं। हमें धरती के श्रृंगार वृक्ष को जीवन में जरूर लगाना और पोषित करना चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहीं जिला अग्रवाल महिला संगठन की जिला अध्यक्ष प्रीति अग्रवाल ने कहा कि वृक्षों के बिना जीवन की कल्पना करना मुश्किल है और हम जीवन के आधार को ही धरती से खत्म करने पर तुले हुए हैं। जिला महामंत्री रजनी गोयल ने कहा कि वृक्ष आक्सीजन प्रदान करते हैं। बरौली इकाई अध्यक्ष मोना सिंघल, मंत्री मीना मित्तल और सभी महिलाओं ने मिलकर बहुत ही मधुर मधुर सावन की मल्हार गाईं। ।आपस में गले मिलकर व माला पहनकर सावन की बधाइयां दीं। नीरू सिंघल ने सभी का धन्यवाद प्रेषित करते हुए कहा कि इसी तरह हम आगे भी कार्यक्रम करते रहेंगे। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष ऊषा मित्तल, जिला मंत्री नेहा मंगल, जिला मीडिया प्रभारी राधा सिंघल, शहर इकाई अध्यक्ष इंद्रा जिंदल, कार्यकारिणी सदस्य विमल मित्तल, सुमन मंगल, मिथिलेश, सुनीता गोयल, गीता बंसल, माया सिंघल, राजेश्वरी सिंघल, रश्मि सिंघल उपस्थित रही।

कारगिल विजय दिवस पर आयोजित हुआ कार्यक्रम : पूर्व सैनिकों ने दी शहीदों को श्रद्धांजलि, देश के अमर बलिदानियों को किया याद

बढ़ता राजस्थान

धौलपुर (राजू शर्मा)। बाड़ी के गांधी पार्क में अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद शाखा द्वारा 25वें कारगिल विजय दिवस के अवसर पर शहीदों को श्रद्धा सुमन अर्पित कर माल्यार्पण कर विजय दिवस मनाया गया। इस दौरान कार्यक्रम में मौजूद पूर्व सैनिकों द्वारा कारगिल युद्ध में शहीद हुए सैनिकों को याद किया और भारत माता की जय के नारे लगाए। कार्यक्रम के दौरान पूर्व सेबेदार मेजर मुकेश शर्मा ने बताया कि हमारी सेना ने अति दुर्गम स्थानों पर दुश्मन को खदेड़ कर उन्हें अपनी खोई हुई जमीन पर कब्जा कैसे किया और कैसे दुश्मनों को मार गिराया। उसकी याद में आज पूरा देश 25वां विजय दिवस मनाते हुए सिल्वर जुबली मना रहा है। कारगिल विजय दिवस के रूप में आयोजित इस कार्यक्रम में पूर्व सैनिक सूबेदार मेजर मुकेश चंद शर्मा, सूबेदार जगदीश जगरिया, सूबेदार श्याम किशोर, नेवी पब्लिक स्कूल के संस्थापक दारा सिंह पचौरी, हवलदार ओमवीर पार्षद, हवलदार विशाल सिंह पटवारी, हवलदार बने सिंह पटवारी, हवलदार रघुवीर सिंह परमार, हवलदार प्रेम सिंह परमार, हवलदार कमल सिंह परमार, हवलदार जगन्नाथ सिंह, हवलदार दुर्ग सिंह, हवलदार नरेश सिंह जादौन, हवलदार विजेंद्र सिंह जाट, हवलदार लाल सिंह, हवलदार लाल सिंह, मास्टर लक्ष्मण सिंह और कैप्टन बनवारी सिंह परमार मौजूद रहे।

करगिल विजय दिवस पर शहीदों को सलामी : वीर जवानों की वीरांगनाओं का किया सम्मान, शहीद स्मारक पर पुष्प अर्पित किये

बढ़ता राजस्थान

अलवर (का.स.)। कारगिल विजय दिवस पर शुक्रवार सुबह अलवर के शहीद स्मारक पर वीरांगनाओं का सम्मान किया गया। वीर शहीदों के बलिदान को याद कर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। इस मौके पर कारगिल युद्ध में भारत के साहसी जवानों के बारे में भी बताया।अलवर कलेक्टर आशीष गुप्ता व एसपी आनंद शर्मा ने कहा- कारगिल युद्ध के भारत के सैनिकों का साहस हमेशा याद किया जाएगा। हर कारगिल दिवस पर शहीद स्मारक पर पुष्प अर्पित किए जाते हैं। इस दौरान शहीदों की वीरांगनाओं का सम्मान होता है। सेना के जवान शहीदों को सलामी देते हैं। कारिगल युद्ध के राजस्थान में अलवर जिले से कई शहीद हुए थे।

देश के वीरों को नमन करने का दिन : अलवर कलेक्टर आशीष गुप्ता ने कहा- देश के वीरों को नमन करने का दिन है। शहीदों की कुर्बानी को याद करते हैं। उनकी वीरांगनाओं का सम्मान किया जाता है। सैनिकों के त्याग

को याद कर पुष्प अर्पित किए गए। इस दौरान पुलिस, प्रशासन और सेना के अधिकारी भी मौजूद रहे। आर्मी के जीओसी सहित अनेक अफसर यहां मौजूद रहे।

सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रेखा यादव ने किया बाल संप्रेषण एवं किशोर गृह धौलपुर का निरीक्षण

बढ़ता राजस्थान

धौलपुर, (नि.स.)। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के सदस्य सचिव एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष (जिला एवं सेशन न्यायाधीश) धौलपुर सतीश चंद के मार्गदर्शन में शुक्रवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव (अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश) धौलपुर रेखा यादव द्वारा राजकीय बाल संप्रेषण एवं किशोर गृह धौलपुर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संप्रेषण गृह के सभी बालकों से रूबरू होकर गृह में बच्चों के आवास, रसोई घर, चिकित्सीय व्यवस्था, शौचालय, स्नानगृह इत्यादि सुविधाओं का जायजा लिया तथा आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने बच्चों से उनके प्रकरणों के बारे में जानकारी प्राप्त की।

गायत्री परिवार एवं आराधना ग्रुप ने किया पौधरोपण

बढ़ता राजस्थान

अलवर (का.स.)। शुक्रवार को गायत्री परिवार एवं आराधना ग्रुप के संयुक्त तत्वाधान में न्यू हायर सेकेंडरी स्कूल में 65 बड़े पौधे प्रदान किए गए जिसमें 20 पौधे गायत्री परिवार के लोगों के द्वारा लगाए गए और बाकी पौधे बच्चों ने वृक्षारोपण किये हैं जोकि शाम तक कार्य जारी रहा। गायत्री परिवार की ट्रस्टी डॉ सरोज गुप्ता ने बताया कि खास बात है कि सभी में बहुत उत्साह था। वृक्षारोपण के लिए और एक स्कूल में उत्सव जैसा माहौल था ,साथ में रिमझिम रिमझिम बारिश भी आ रही थी जो की मौसम को और खुशनुमा बना रही थी और गड्ढे तैयार करने का काम बच्चों ने संभाला हुआ था जो बड़ी तत्परता से उसे पूरा कर रहे थे और गड्ढे खोद रहे थे। पर्यावरण की रक्षा में बच्चों की शानदार भागेदारी देखकर मन सच में प्रसन्न हो रहा था।

विधानसभा में कृपलानी ने खोली कांग्रेस शासनकाल के भ्रष्टाचार की पोल

'आबाद शहरों को बर्बाद कर दिया तुमने, शहरों का यह मंजर हर किसी ने देखा है यहां पर'- कृपलानी

नगर निकायों में भ्रष्टाचार करने वालों को नहीं छोड़ा जाएगा, फर्जी पट्टे बनाने वालों पर होगी सख्त कार्यवाही

बढ़ता राजस्थान

निम्बाहेड़ा(नि.स.)। राजस्थान सरकार के 16 वें विधानसभा सत्र के दौरान राज्य के पूर्व स्वायत्त शासन मंत्री एवं निम्बाहेड़ा विधायक श्रीचंद कृपलानी ने मांग संख्या 39 नगरीय विकास एवं आवासन तथा मांग संख्या 40 स्वायत्त शासन विभाग पर अपने विचार रखें। इस दौरान विधायक कृपलानी ने कांग्रेस सरकार के शासन में हुए भ्रष्टाचार की पोल खोलते हुए कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। विधायक कृपलानी ने कहा कि कांग्रेस के शासन काल के दौरान नगर निकायों में प्रशासन शहरों के संग अभियान के अन्तर्गत भ्रष्टाचार का खुला खेल खेला गया, जिसके कारण राज्य के विकास कार्य अवरुद्ध हो गए। कांग्रेस के शासनकाल पर तंज कसते हुए कृपलानी ने कहा कि 'आबाद शहरों को बर्बाद कर दिया तुमने, शहरों का यह मंजर हर किसी ने देखा है यहां पर।'

अवैध निर्माण को सील कर 'डील' करने के बाद खोल दिया गया

विधायक कृपलानी ने कांग्रेस पर भ्रष्टाचार का खुला आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस के राज में जेडीए और राज्य की अन्य नगर पालिकाओं में अवैध निर्माण कार्यों को सील कर अच्छा कार्य किया गया, लेकिन सील करने के बाद राजनैतिक दबाव या 'डील' करने के बाद उसे वापस खोल दिया गया। जिसकी जांच करवाकर जिन्होने भ्रष्टाचार किया उनको जेल भेजा जाएगा।

जहां जीत नहीं पाए, तो शहरों के टुकड़े कर दिए गए

कांग्रेस के शासनकाल में जयपुर, जोधपुर और कोटा शहर के टुकडे कर दिए गए, जिसका एक मात्र कारण यह रहा क्योंकि यहां कांग्रेस पार्टी कभी जीत नहीं पाई। कांग्रेस के शासनकाल में मात्र तुष्टीकरण की राजनीति की गई। इसके ठीक विपरीत भाजपा की मौजूदा सरकार ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं उप मुख्यमंत्री श्रीमती दीया कुमारी के नेतृत्व में नगर निकायों के विकास की सुदृढ़ नींव रखी है।

कृपलानी ने कहा कि कांग्रेस के शासन काल में मात्र घोषणा की गई, उनके पत्थर लगा दिए गए, वहीं जिनके कार्य शुरू भी नही हुए ऐसे कार्यों के लोकार्पण कर पत्थर लगा कर जनता को गुमराह करने का काम किया गया।

फर्जी पट्टे बनाने वालों पर होगी सख्त कार्यवाही

विधायक कृपलानी ने कहा कि तुष्टीकरण की नीति के साथ करोड़ों की जमीन कौड़ियों के भाव अपने चहेतों को बांट दी, सरकारी व निजी के अवैध व अनियमित भूमि पर पट्टे बांट दिए गए। उन्होंने नगरीय आवासन मंत्री का धन्यवाद करते हुए कहा कि राज्य में कांग्रेस की सरकार के दौरान बांटे गए लाखों पट्टों की जांच करवाकर फर्जी पट्टे बांटने वालों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करने का जो निर्णय लिया है, वह स्वागत योग्य है। कृपलानी ने कहा कि जांच के लिए समय सीमा भी तय की जाए। कृपलानी ने सदन में बताया कि निम्बाहेड़ा नगर पालिका में भी फर्जी पट्टे बनाने पर कांग्रेस के मौजूदा पार्षद को जेल जाना पड़ा है।

कृपलानी ने डोटासरा पर कसा तंज, 'आपकी किस्मत अच्छी है कि मेरा गला खराब है...'

विधायक कृपलानी ने सदन में बताया कि पिछले पांच सालों में कांग्रेस की सरकार ने नगर निकाय में एक भी भर्ती नहीं की, लेकिन भाजपा की पूर्ववर्ती सरकार ने 18 हजार से अधिक सफाई कर्मियों, सैकड़ों फायरमैनो सहित विभिन्न पदों पर भर्ती की गई।

इस दौरान कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष गोविन्द डोटासरा के द्वारा बिच में टोकने पर कृपलानी ने कहा कि मेरा कद आपसे बड़ा है। मैं वर्ष 1990 में ही विधायक बन गया था, आप बहुत बाद में बने। कृपलानी ने तंज कसते हुए कहा कि 'आपकी किस्मत अच्छी है कि मेरा गला खराब है!'

कटौती प्रस्ताव के माध्यम से रखी निम्बाहेड़ा क्षेत्र की मांग

निम्बाहेड़ा विधायक एवं पूर्व यूडीएच मंत्री श्रीचंद कृपलानी ने विधानसभा में मांग संख्या 39 एवं मांग संख्या 40 पर बोलते हुए निम्बाहेड़ा में आवासन मण्डल की अटल नगर आवासीय योजना में जन सुविधाओं जैसे सामुदायिक केन्द्र, अस्पताल, स्कूल, उद्यान को विकसित करने, राज्य में आवासन मण्डल द्वारा वर्षों से अवाप्त की गई भूमि पर आवासीय योजना नहीं बना पाने की स्थिति में ऐसी अवाप्त भूमि को अधिग्रहण से मुक्त करने पर चर्चा के लिए कटौती प्रस्ताव के माध्यम से सदन में रखा।

इसी प्रकार स्वायत्त शासन विभाग से निम्बाहेड़ा नगर पालिका को नगर परिषद में क्रमोन्नत करने, नगर पालिका निम्बाहेड़ा को आरयूआईडीपी के पंचम चरण में शामिल करने, नगर पालिका निम्बाहेड़ा में सीवरेज सिस्टम से वंचित आबादी क्षेत्र में अमृत 2 .0 योजना के अंतर्गत सीवरेज व कनेक्शन करने, विधानसभा के शहरी क्षेत्र निम्बाहेड़ा व छोटीसादड़ी में बिजली लाइनों को अण्डर ग्राउण्ड करने की स्वीकृति जारी करने तथा नगर पालिका निम्बाहेड़ा में नए फायर बिग्रेड की स्वीकृति पर चर्चा के लिए कटौती प्रस्ताव के माध्यम से सदन में रखें।

पौधा रोपण कार्यक्रम सम्पन्न

बढ़ता राजस्थान

चौमहला(नि.स.)। झालावाड़ जिले के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गंगधार परिसर में शुक्रवार को एसडीएम दिनेश कुमार मीणा के मुख्य आथित्य में पौधा रोपण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

विद्यालय परिसर में उपखंड अधिकारी,तहसीलदार सहित जन प्रतिनिधियों , स्काउड गाइड, विद्यालय के छात्रों ,स्कूल स्टाफ द्वारा विभिन्न किस्म के 100 पोधे लगाए गए तथा इन पौधों के रख रखाव की जुमेदारी ली गई। इस अवसर पर एसडीएम दिनेश कुमार मीणा,तहसीलदार जतिन दिनकर,भाजपा मंडल अध्यक्ष गौतम जैन,जिला मंत्री करण सिंह,अशोक गायरी,आदित्य कटारिया,किराना व्यापार संघ पवन पिछोलिया,देवी सिंह, चंदर सिंह, पर्यावरण प्रेमी दशरथ पांडे,सुरेश खमोरा,प्रधानाचार्य राहुल कुमार,व्याख्याता ओम प्रकाश शर्मा ,अध्यापक संतोष शर्मा,धर्मेश नीमा मोजूद रहे।

शिक्षिका ने पेश की अनूठी मिसाल

बढ़ता राजस्थान

अंता (नि.स.)। महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय ब्लॉक बालदड़ा अंता जिला बारां की शिक्षिका व पारिवारिक वानिकी ब्लॉक अंता महिला संयोजक प्रमिला मालव ने अपने पुत्र जियांश के जन्मदिन के अवसर पर विद्यालय में अध्यनरत गरीब परिवार के विद्यार्थियों को जिनके परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर है उनको कॉपी, पेन, पेंसिल, रबर, कटर आदि शिक्षण सामग्री का पूरा सेट देकर जन्मदिन मनाने की एक अनूठी मिसाल पेश की।

कोटा संभाग के पारिवारिक वानिकी कार्यकर्ता, विद्यालय स्टाफ व छात्र छात्राओं ने शिक्षिका के पुत्र को जन्मदिन की ढेर सारी शुभकामनाएं दी।

कारगिल विजय दिवस पर वीर शहीदों को किया याद

बढ़ता राजस्थान

कोटा(का.स.)। कारगिल विजय दिवस की 25वीं वर्षगांठ के अवसर शहीद स्मारक कोटा पर कोहिनूर वेलफेयर सोसाइटी कोटा के सदस्यों ने कारगिल विजय दिवस मनाया एवं कारगिल युद्ध के समय शहीद हुए माँ भारती के वीर सपूतों के /शौर्य व पराक्रम को याद कर पुष्पांजलि अर्पित की एवं उनकी शहादत को नमन किया।

सोसाइटी के प्रदेश अध्यक्ष अब्दुल वहाब एवं कार्यक्रम संयोजक गुलाम मुस्तफा ने कहा कि जब भी हम भारतीय सेना के इस पराक्रम को याद करते है तो बहुत गौरवान्वित महसूस होता है और देश सेवा करने और अपनी मातृभूमि के लिए अपना सर्वोच्च न्यौछावर करने का जज्बा पैदा होता है।

अंत मे सभी ने अलग अलग क्षेत्रों में पौधारोपण करने का संकल्प लिया।

इस मौके पर सोसाइटी के प्रदेश अध्यक्ष अब्दुल वहाब, राजकीय महाविद्यालय कोटा के पूर्व छात्रसंघ महासचिव गुलाम मुस्तफा, एडवोकेट अनीता, हेमंत सिंह सोलंकी, हरिराज सिंह, योगेंद्र यादव, एवं अन्य सदस्य मौजूद रहे।

ट्रैफिक पुलिस एवं परिवहन विभाग मिलकर सुधारें यातायात व्यवस्था

सड़क सीमा पर खड़े ठेले एवं थड़ियां हटाई जाएं-जिला कलक्टर

बढ़ता राजस्थान

कोटा(का.स.)। जिला सड़क सुरक्षा समिति की शुक्रवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित बैठक में जिला कलक्टर डॉ. रविन्द्र गोस्वामी ने शहर के विभिन्न मार्गों एवं चौराहों पर बेतरतीब ट्रैफिक की लगातार मिल रही शिकायतों को देखते हुए यातायात व्यवस्था में बाधक बन रहे अतिक्रमण एवं सड़क पर खड़े रहने वाले थड़ी-ठेलों को सड़क सीमा से हटाकर आवागमन में आ रही बाधाओं को दूर करने के निर्देश दिए। उन्होंने नगर निगम, ट्रैफिक पुलिस एवं कोटा विकास प्राधिकरण के अतिक्रमण रोधी दस्ते को मिलकर समन्वय से कार्य करते हुए ट्रैफिक व्यवस्था सुचारू बनाने के निर्देश दिए।

डॉ. गोस्वामी ने नयापुरा चौराहे पर निजी ट्रेवल्स बसों, रोड़वेज बसों एवं अन्य प्राइवेट बसों के सवारी लेने के लिए देर तक खड़े रहने से होने वाले ट्रैफिक जाम एवं अव्यवस्थाओं को गंभीरता से लेते हुए यातायात पुलिस एवं परिवहन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी बस सवारी लेने के नाम पर दो मिनट से अधिक समय तक नयापुरा चौराहे पर खड़ी नहीं रहे। निर्देशों का उल्लंघन करने वाले बस ऑपरेटर्स के खिलाफ चालान बनाने के साथ ही सख्ती बरती जाए। जिला कलक्टर ने बड़ तिराहे पर स्थित नए बस स्टेंड से ही बसों के सवारी बिठाने की व्यवस्थाएं करने को कहा। साथ ही, बड़ तिराहे पर रात को निजी बसों की पार्किंग करने पर रोक लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गुमानपुरा एवं आस-पास के मार्केट में आने वाले चौपहिया एवं दुपहिया वाहनों को मल्टीपरपज स्कूल के पास बनी नई पार्किंग में ही पार्क करने की पुख्ता व्यवस्था की जाए तथा आसपास के एरिया को नो-पार्किंग जोन घोषित कर वहां वाहन खड़े करने पर पाबंदी लगाएं।

बैठक में अनंतपुरा से लव कुश वाटिका तक फलों के ठेले एवं ट्रक खड़े रहने से यातायात व्यवस्था में आ रही बाधा को देखते हुए वहां ट्रकों के खड़े रहने पर रोक लगाने, सेंट जोन स्कूल के पास विद्यालय समय में बजरी के ट्रकों के खड़े रहने पर पाबंदी लगाने, एरोड्रम से अनंतपुरा तक थड़ी-ठेले वालों को स्लिप लेन के अंदर खड़े रहने के लिए पाबंद करने, झालावाड़ से आने वाली बसों के एरोड्रम के पास स्लिप लेन के बाहर मुख्य मार्ग पर खड़ी करने से रोकने के निर्देश दिए गए। डॉ गोस्वामी ने कहा कि नगर निगम एवं कोटा विकास प्राधिकरण पुलिस की मदद से यातायात में बाधक बन रहे थड़ी एवं ठेलों को सड़क सीमा से हटाकर पीछे खड़े रहने के लिए पाबंद करने की कार्रवाई करे। यातायात पुलिस एवं परिवहन विभाग निजी ट्रेवल्स बसों द्वारा मनमाने तरीके से चौराहों पर कहीं भी बसें खड़ी कर सवारी लेने पर सख्ती से रोक लगाएं। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर शहर कृष्णा शुक्ला, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर दिलीप सैनी, पुलिस उपाधीक्षक यातायात कमल प्रसाद, पुलिस उपाधीक्षक यूआईटी लोकेंद्र पालीवाल, अधीक्षण अभियंता पीडब्ल्यूडी आरके सोनी, परिवहन विभाग एवं अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

उद्घाटन से पहले ही नवनिर्मित अंडर ब्रिज की छत टपकने लगी

बढ़ता राजस्थान

निंबाहेड़ा(प्रकाश खत्री)। निंबाहेड़ा में नीमच रोड रेलवे फाटक पर करीब 7 करोड़ की लागत से बनी अंडर ब्रिज की छत से पानी टपक रहा है जिसका अभी उद्घाटन भी नहीं हुआ है । इस तरह के घटिया निर्माण कार्य कराकर रेलवे प्रशासन आखिर किसका भला करना चाहते हैं । इस अंडर ब्रिज को बनाए हुए अभी कुछ दिन ही बीते हैं जिसका अभी तक उद्घाटन भी नहीं हुआ उससे पहले ही घटिया निर्माण की पोल खुलकर सामने आ गई है, आखिर रेलवे प्रशासन के तकनीकी अधिकारियों ने किस तरीके से मॉनिटरिंग की होगी, कहीं उनकी लापरवाही नतीजा आम जनता को ना भुगतना पड़ जाय, संवेदनशील अंडरपास को भी भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा दिया गया ।

इस अंडरपास से टू व्हीलर मोटरसाइकिल, फोर वहीलर राहगीर गुजरते रहते हैं जो अंडरपास की छत पर भी भीगकर जाते हैं ,बरसात के मौसम में बारिश होने की वजह से अंडर ब्रिज पर कॉफी कीचड़ भी फैला हुआ है जो आने जाने वाला राहगीरों की परेशानी का सबब बना हुआ है। अंडर पास बनाते समय रेलवे प्रशासन के तकनीकी अधिकारियों ने ईमानदारी से मॉनिटरिंग की होती तो आज इस अंडरपास से पानी नहीं टपकता । आखिर इसका जिम्मेदार कौन है ? अब देखना यह है कि नवनिर्मित अंडरपास से पानी बंद होगा या नहीं या फिर रेलवे प्रशासन ऐसे ही आंखें मुंद कर बैठा रहेगा।

देशवाली महासभा शिक्षा विकास संस्थान ने किया पौधारोपण

बढ़ता राजस्थान

कोटा(का.स.)। देशवाली महासभा शिक्षा विकास संस्थान के तत्वावधान में पौधारोपण किया गया। कोटा शहर में बोरखेड़ा केनाल रोड़ सहित अन्य सड़क मार्गों के दोनों ओर संस्थान के प्रदेशाध्यक्ष हनीफ खान देशवाली के नेतृत्व में पौधारोपण किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. जफर खान सदस्य प्रदेश कॉंग्रेस कमेटी व विशिष्ट अतिथि मजीद मालिक कमांडो राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य भजपा अल्पसंख्यक मोर्चा, फारुख राणा पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा, यूनुस मोहम्मद वार्ड पार्षद वार्ड नम्बर 10 थे। इस अवसर पर हनीफ देशवाली ने बताया कि वर्षा ऋतु में 101 पौधे ट्री गार्ड सहित लगाने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि इन पौधों को वृक्ष बनाने तक की जिम्मेदारी संस्थान द्वारा उठाई गई है।इस अवसर पर अली मस्तान बंटी, असलम गोड़, राईब खान, शाहिल खान, इकराम मोहम्मद, इरफान गोड़ सहित कई लोग उपस्थित रहे।

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष बने मदन राठौर

आतिशबाजी कर जताया हर्ष, संगठन में दिखी गुटबाजी

बढ़ता राजस्थान

चित्तौड़गढ़ (नि.स.)। सांसद सीपी जोशी के भाजपा प्रदेशाध्यक्ष पद से इस्तीफा देने के बाद संगठन के केंद्रीय नेतृत्व ने राज्यसभा सांसद मदन राठौर को प्रदेश अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया है। प्रदेश अध्यक्ष पर राठौर की नियुक्ति की खबर मिलते ही चित्तौड़गढ़ में भाजपा कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट चौराहे पर पहुँच कर ढोल नगाड़ों के साथ आतिशबाजी कर हर्ष जताते हुए एक दूसरे का मुँह मीठा करवाया । नये प्रदेश अध्यक्ष की नियुक्ति के बाद भी स्थानीय स्तर पर भाजपा की गुटबाजी एक बार फिर से दिखाई दी।विधानसभा चुनाव से चली आरही गुटबाजी थमने का नाम ही नही ले रही ।

भाजपा के दोनों गुटों ने अलग अलग जश्न मना कर हर्ष जताया । इस मौके पर पूर्व उप सभापति भरत जागेटिया , अनिल ईनाणी , ओम शर्मा , राजकुमार कुमावत , भोलाराम प्रजापत , राजन मालाकार , मोनू सोनी , गोपाल दाधिच , नारायण सिंह , मदन सिंह ,लाला गुर्जर , रश्मि सक्सेना , उर्मिला पुरोहित , लोभचंद कुमावर सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस कार्यक्रम के बाद भाजपा के दूसरे गुट से जुड़े कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी कर एक दूसरे को बधाई दी। इस दौरान कमलेश पुरोहित , रणजीत सिंह भाटी , तारावती धाकड़ सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

सावन महोत्सव एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम संपन्न

बढ़ता राजस्थान

झालरापाटन (नि.स.)। सर्व ब्राह्मण परशुराम सेना झालावाड़ गुरुवार को प्रदेश अध्यक्ष कालूराम शर्मा की अध्यक्षता में मीटिंग की गई उसमें भगवान परशुराम के चित्र पर माल्यार्पण कर प्रदेश में अच्छी बरसात की कामना की गई। रमाकांत त्रिपाठी के फार्म हाउस पर वृक्षारोपण कार्यक्रम रखा गया जिसमें झालावाड़ जिले के खानपुर झूमकी भंवरासा कोटडी झालरापाटन एवं झालावाड़ के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

साथ ही अवध बिहारी शर्मा पिपलोद वालों को झालरा पाटन ग्रामीण

मंडल अध्यक्ष सर्वसम्मति से मनोनीत किए गए। राजेंद्र शर्मा का जन्मदिन होने एवं अवध बिहारी को अध्यक्ष बनने पर दोनों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया जन्मदिन के अवसर पर केक काटा गया प्रदेश प्रवक्ता प्रदीप तिवारी ने बताया इस अवसर पर

जिले के निम्न पदाधिकारी उपस्थित रहे। सर्व ब्राह्मण परशुराम सेवा के राष्ट्रीय मंत्री अवनींदं व्यास प्रदेश संरक्षक जगदीश शर्मा प्रदेश सह प्रभारी विश्वास जोशी प्रदेश उपाध्यक्ष राजेंद्र शर्मा युवा प्रकोष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नितिन शर्मा परशुराम सेवा युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रकांत त्रिपाठी प्रदेश संरक्षक प्रेम तिवारी खानपुर ब्लॉक अध्यक्ष महेश शर्मा दीपक शर्मा भुवनेश्वर शर्मा प्रमोद शर्मा सुमन शर्मा दीपचंद आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे उसके उपरांत सहभोज आयोजित किया गया।

सड़क हादसे में बैंक मैनेजर की दर्दनाक मौत

बढ़ता राजस्थान

गंगापुर/भीलवाडा (नि.स.)। कारोई थाना क्षेत्र के नेशनल हाईवे 758 पर नौगांवा इलाके में देर रात में एक कार और ऊंट की जोरदार टक्कर हो गई ।इस हादसे में गंगापुर के एचडीएफसी बैंक के मैनेजर सत्येंद्र सिंह की दर्दनाक मौत हो गई । सूचना मिलने पर कारोई थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक के शव को भीलवाड़ा

एमजी अस्पताल में रखवाया गया जिसका शुक्रवार सुबह पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया गया । थाना प्रभारी लक्ष्मी नारायण गुर्जर ने बताया कि गंगापुर एचडीएफसी बैंक मैनेजर सत्यमेंद्र सिंह बैंक के जरूरी काम निपटा कर रात 9 बजे गंगापुर से रवाना होकर भीलवाड़ा अपने निवास पर कार से जा रहे थे। उसी दौरान नेशनल हाईवे 758 नौ गांवा पर देर रात में सड़क के सामने अचानक ऊंट आ जाने से कार की टक्कर हो गई वहीं पीछे से आ रही कार ने उछलकर उसके उपर गिरकर टक्कर मारी।

निकटतम सरकारी चिकित्सा संस्थान पर हो प्रसव-कलक्टर

बढ़ता राजस्थान

कोटा(का.स.)। जिला स्वास्थ्य समिति की मासिक समीक्षा बैठक जिला कलक्टर डॉ रविंद्र गोस्वामी की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। बैठक में कलक्टर ने कहा कि सभी संस्थान प्रभारी यह सुनिश्चित करें कि प्रत्येक संस्थान पर प्रसव सुविधा हो एवं अनावश्यक किसी भी प्रसूता को प्रसव के लिये क्षेत्र से बाहर न जाना पड़े। उन्होंने कहा कि पीसीटीएस के माध्यम से होने वाले प्रसव की सूची तैयार की जाए, चिकित्सा संस्थान प्रसूता एवं उसके परिवार को संस्थान पर प्रसव कराने के लिए प्रोत्साहित करें एवं अपने संस्थान व सेवाओं के प्रति आमजन में विश्वास पैदा करें। उन्होंने कहा कि प्रसव के लिए एएनएम को प्रशिक्षण दिया जाए। डॉ गोस्वामी ने कहा कि मां वाउचर योजना संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने एवं हाई रिस्क प्रेगनेंसी का पता करने के लिए है ताकि बड़े संस्थान पर सुरक्षित प्रसव कराया जा सके। उन्होंने कहा कि चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग का प्रत्येक अधिकारी और कर्मिक योजना को प्रभावी ढंग से लागू कर इसकी मॉनिटरिंग नियमित रूप से करे ताकि आमजन को इसका लाभ मिल सके। मौसमी बीमारी की समीक्षा करते हुए उन्होंने चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से कहा कि लगातार सर्वे करें एवं एंटी लार्वा एक्टिविटी को योजनाबद्ध तरीके से अंजाम दे। ताकि डेंगू से लोगों का बचाव किया जा सके।

RNI NO. RAJHIN/2013/52026
POSTAL REG NO. TONK/49/2022-24
दैनिक बढ़ता राजस्थान

दीया बोलीं- मर्दों का प्रदेश बयान वालों से क्या उम्मीद?

बेचारी मैडम को लेकर पलटवार किया; कहा- उन्हें महिलाओं का सम्मान करना नहीं आता

दौसा। डिप्टी सीएम दीया कुमारी ने कहा- मर्दों का प्रदेश बताने वालों से क्या उम्मीद कर सकते हैं? कांग्रेस विधायक अमीन कागजी की ओर से बेचारी मैडम बोलने पर कहा- उन्हें महिलाओं का सम्मान करना नहीं आता। डिप्टी सीएम शुक्रवार को दौसा के शहीद स्मारक पर कारगिल विजय दिवस पर आयोजित कार्यक्रम के बाद पत्रकारों से बात कर रही थीं। दीया कुमारी ने कहा- उनका (कागजी) यह बयान निंदनीय है। उन्होंने यह टिप्पणी इसलिए की, क्योंकि उन्हें आपत्ति है कि भाजपा ने एक महिला को वित्त मंत्री कैसे बना दिया। डिप्टी सीएम कैसे बना दिया। उन्हें महिला का सम्मान करना नहीं आता। उनके मंत्री (शांति धारीवाल) ने कहा था कि राजस्थान मर्दों का प्रदेश है। प्रदेश में रेप के मामले हो रहे हैं तो गलत बात नहीं है। ऐसी उनकी और उनकी पार्टी की मानसिकता है तो क्या उम्मीद कर सकते हैं?

कांग्रेस विधायक अमीन कागजी ने क्या कहा था

दीया कुमारी ने विधानसभा में 10 जुलाई को करीब 3 घंटे खड़े रहकर बजट प्रस्तुत किया था। 23 जुलाई को सदन में अनुदान मांगों पर बहस के दौरान कांग्रेस विधायक अमीन कागजी ने तंज कसते हुए कहा था- भजनलाल सरकार का पहला पूर्ण बजट उन अधिकारियों ने बनाया, जिन्होंने गहलोत सरकार में बनाया था।

हां यह जरूर है कि कांग्रेस जो बड़े-बड़े ऐलान करती थी, उनको आपने छोटे-छोटे टुकड़ों में बांट दिया। मतलब इसके लिए हम 500-500 करोड़ रुपए जारी करने का प्रस्ताव करते थे, उसको आपने 5-5 करोड़ रुपए में कर दिया। इसलिए बेचारी मैडम को पौने तीन घंटे तक खड़ा रहना पड़ा।

केरल हाईकोर्ट बोला- धर्म परिवर्तन सर्टिफिकेट में नाम बदलना जरूरी:व्यक्ति को एक धर्म से नहीं बांध सकते, यह संवैधानिक गारंटी है

तिरूवनंतपुरम। केरल हाईकोर्ट ने गुरुवार को धर्म परिवर्तन से जुड़े एक मामले में सुनवाई की। इसमें कहा- एजुकेशन सर्टिफिकेट में जाति या धर्म परिवर्तन की मांग को इसलिए नहीं ठुकराया जाना चाहिए क्योंकि इसके लिए कोई कानूनी प्रावधान नहीं है। जस्टिस वीजी अरुण ने कहा कि धर्म परिवर्तन के बाद संस्थानों को सर्टिफिकेट में आवश्यक सुधार करने होंगे। उन्होंने कहा भले ही स्कूल सर्टिफिकेट में धर्म परिवर्तन के आधार पर नाम बदलने का कोई नियम नहीं है। इसका मतलब ये नहीं है कि किसी व्यक्ति को उसके जन्म के आधार पर किसी एक धर्म से बांध दिया जाए। हाईकोर्ट ने कहा कि संविधान के आर्टिकल 25 (1) के तहत किसी भी व्यक्ति को अपनी पसंद का कोई भी धर्म अपनाने की गारंटी दी गई है। अगर कोई व्यक्ति इस आजादी का प्रयोग करके किसी अन्य धर्म को अपनाता है तो उसके दस्तावेजों में सुधार करना जरूरी है। धर्म परिवर्तन से जुड़ी ये याचिका एक कपल ने दायर की थी। ये कपल हिंदू था, लेकिन साल 2017 में इन्होंने क्रिश्चियन धर्म अपना लिया। धर्म परिवर्तन के बाद याचिकाकर्ता ने नए धर्म को दर्शाने के लिए स्कूल प्रमाणपत्रों में संशोधन की मांग की, लेकिन शिक्षा अधिकारी ने नियमों के अभाव का हवाला देते हुए यह मांग खारिज कर दी थी।

जयपुर पुलिस कमिश्नर ने जयसिंहपुरा खोर थाने में सुनी आमजन की पीड़ा

बढ़ता राजस्थान

जयपुर (का.स.)। जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ शुक्रवार को जयसिंहपुरा खोर थाने में जनसुनवाई की। यहां पर रामगंज, गलतागेट, आमेर, ब्रह्मपुरी और जयसिंहपुरा खोर थाना इलाके के परिवादी बड़ी संख्या में पहुंचे। सुनवाई के बाद कमिश्नर ने कई परिवादियों को त्वरित राहत दी।

जनसुनवाई के दौरान अतिरिक्त जयपुर पुलिस कमिश्नर कैलाश चंद्र विश्नोई, जिले के पुलिस उपायुक्त (डीसीपी), अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त, सहायक पुलिस आयुक्त रामगंज व आमेर संबंधित एसएचओ और थाने के अधिकारी उपस्थित रहें।

गौरतलब है कि इससे पूर्व जयपुर पुलिस कमिश्नर द्वारा शिप्रा पथ (जयपुर दक्षिण), कानोता (जयपुर पूर्व), करधनी (जयपुर पश्चिम), विद्याधर नगर (जयपुर उत्तर), शिवदासपुरा (जयपुर दक्षिण), बगरू (जयपुर पश्चिम), चौमू(जयपुर पश्चिम) एवं प्रतापनगर (जयपुर पूर्व)थाने में जनसुनवाई कर परिवादियों की समस्याओं का मौके पर निस्तारण किया जा चुका है।

मुख्यमंत्री ने वीर शहीदों को अर्पित की श्रद्धांजलि

हमारे शूरवीरों की बहादुरी और अदम्य साहस अतुलनीय : मुख्यमंत्री शर्मा

जयपुर(बढ़ता राजस्थान)

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शुक्रवार को अमर जवान ज्योति शहीद स्मारक पर आयोजित कारगिल विजय दिवस रजत जयन्ती समारोह में देश के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले जांबाज सैनिकों को पुष्पचक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि विषम परिस्थितियों मे सीमा पर मुस्तैदी के साथ मोर्चा सम्भालने वाले हमारे शूरवीरों की बहादुरी और अदम्य साहस अतुलनीय है।

मातृभूमि की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले ऐसे वीरों को मैं नमन करता हूं। शर्मा ने कहा कि कारगिल के युद्ध

में शहीद होने वाले राजस्थान के वीर सपूतों की वीरांगनाओं को भी मैं प्रणाम करता हूं जिन्होंने देश के लिए समर्पण की भावना दिखाते हुए सर्वोच्च त्याग की मिसाल पेश की। मुख्यमंत्री ने इस दौरान शहीदों की वीरांगनाओं का शॉल ओढ़ाकर एवं श्रीफल देकर सम्मान किया।

इस अवसर पर कारगिल युद्ध में साहस का परिचय देने वाले वीर सैनिकों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी, सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़, सैनिक कल्याण सलाहकार समिति के अध्यक्ष प्रेम सिंह बाजौर, अतिरिक्त मुख्य सचिव गृह आनन्द कुमार, जनरल ऑफिसर कमांडिंग 61 सबएरिया मेजर जनरल आर एस गोदारा सहित भारतीय सेना के उच्चाधिकारी, सैनिक, शहीदों के परिजन एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

नि:शुल्क दवा योजना के क्रियान्वयन में राजस्थान देश में प्रथम

जयपुर (बढ़ता राजस्थान)

राजस्थान ने नि:शुल्क दवा योजना के क्रियान्वयन में देशभर में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। राजस्थान की मुख्यमंत्री नि:शुल्क दवा योजना ने देशभर में संचालित ऐसी नि:शुल्क दवा योजनाओं में अनुमोदित दवाओं की संख्या, उपलब्ध दर संविदा, विभिन्न चिकित्सा संस्थानों में दवाओं की उपलब्धता सहित अन्य मानकों में समग्र रूप से अधिकतम अंक प्राप्त कर यह उपलब्धि हासिल की है। राजस्थान मेडिकल सर्विसेज कॉरपोरेशन की प्रबंध निदेशक श्रीमती नेहा गिरि ने बताया कि नि:शुल्क दवा योजना के संचालन को लेकर भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा जारी रैंकिंग में राजस्थान प्रथम रहा है। भारत सरकार द्वारा अप्रैल, 2019 में ड्रग्स एण्ड वैक्सीन्स डिस्ट्रीब्यूशन सिस्टम डैशबोर्ड का निर्माण किया गया था।

जयपुर में सफाई कर्मचारियों ने सरकार के खिलाफ निकाली रैली बोले- सफाई कर्मचारी भर्ती में वाल्मीकि समाज को मिले प्राथमिकता

जयपुर (बढ़ता राजस्थान)

राजस्थान ने 24 हजार से ज्यादा पदों पर प्रस्तावित सफाई कर्मचारी भर्ती में वाल्मीकि समाज को प्राथमिकता देने की मांग को लेकर विरोध बढ़ता जा रहा है। पिछले तीन दिनों से जारी कार्य बहिष्कार हड़ताल के बाद अब सफाई कर्मचारियों ने सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है।

शुक्रवार को जयपुर में संयुक्त वाल्मीकि एवं सफाई श्रमिक संघ के बैनर तले वाल्मीकि समाज के कर्मचारियों ने परकोटे में विरोध रैली निकाल प्रदर्शन किया। इस दौरान संयुक्त वाल्मिकी एवं सफाई श्रमिक संघ के पधाधिकारियों ने कहा- अगर सरकार ने हमारी मांग को जल्द पूरा नहीं किया तो प्रदेशभर में वाल्मीकि समाज सरकार के खिलाफ आर - पार की लड़ाई लड़ेगा। संयुक्त वाल्मिकी एवं सफाई श्रमिक संघ के अध्यक्ष नन्दकिशोर डंडोरिया ने बताया- प्रदेश में सरकार ने जो 24 हजार 797 पदों पर सफाई कर्मचारी की भर्ती की है। उस भर्ती के नियमों में कुछ संशोधन का प्रस्ताव संघ ने सरकार को दिया था। इन मांगों पर सरकार और संघ के बीच 15 मार्च को समझौता भी हुआ। समझौते में नगरीय निकायों में काम करने वाले सफाई कर्मचारियों (अस्थायी) को वरियता देने एवं जिन अभ्यर्थियों के साल 2012 और 2018 की भर्ती के प्रकरण कोर्ट में विचाराधीन हैं। उन पर नीतिगत निर्णय करके नियुक्ति देने पर सहमति बनी थी।

ओलिंपिक से पहले फ्रांस के रेलवे नेटवर्क पर हमला

3 हाईस्पीड रेलवे लाइनों पर आगजनी, ढाई लाख लोगों पर असर

पेरिस (एजेंसी)

फ्रांस में ओलिंपिक गेम्स की ओपनिंग सेरेमनी से करीब 10 घंटे पहले शुक्रवार सुबह 5 बजकर 15 मिनट पर ट्रेन नेटवर्क पर हमला हुआ। कई रेलवे लाइनों पर तोड़फोड़ की गई और तारों को जला दिया गया। रेलवे लाइनों पर हमला किसने और क्यों किया इसकी जानकारी अब तक सामने नहीं आई है। फ्रांस की नेशनल रेलवे कंपनी एसएनसीएफ के मुताबिक, हमले के आधे घंटे के अंदर पेरिस से आने-जाने वाली कई ट्रेनों को रद्द कर दिया गया है। कई ट्रेनें 90 मिनट तक देरी से चल रही हैं। हमले की वजह से आज करीब ढाई लाख यात्री प्रभावित हुए हैं। जबकि इस पूरे हफ्ते तक (28 जुलाई) करीब 8 लाख लोगों पर असर पड़ सकता है। वहीं, पीएम गेब्रियल अट्टल ने हमले को ओलिंपिक में बाधा डालने की साजिश बताया है। पेरिस में रात 11 बजे ओलिंपिक गेम्स की ओपनिंग सेरेमनी है। इसका आयोजन 26 जुलाई से लेकर 11 अगस्त तक किया जाएगा। खेलों के इस महाकुंभ में 206 देशों 10 हजार 500 खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। भारत के 117 खिलाड़ी फ्रांस गए हैं।

पीएम बोले- हमलावरों को फ्रांस के रेलवे सिस्टम की पूरी जानकारी थी

फ्रांस के प्रधानमंत्री गैब्रियल अटल ने कहा है कि रेलवे नेटवर्क पर हमला पूरी तैयारी से और संगठित तरीके से किया गया था। पीएम ने कहा कि हमलावरों ने सिस्टम के मुख्य साइट्स को निशाना बनाया जिससे रेलवे सेवा कुछ देर के ठप हो गई। इससे पता चलता है कि उन्हें रेल नेटवर्क के बारे में पूरी जानकारी थी। उन्हें पता था कि कहां पर हमला करना है।

ट्रेन नेटवर्क पर हुए हमले की जांच में जुटा पेरिस प्रशासन

पेरिस प्रशासन ट्रेन नेटवर्क पर हुए हमले की जांच में जुट गया है। फ्रांस में अपराध रोकने वाली एजेंसी जुनेलको ने बताया कि अपराधियों को एसएनसीएफ साइट्स को नुकसान पहुंचाने के लिए 20 साल तक की सजा के साथ 3 लाख यूरो (3 करोड़ 27 लाख रुपए) तक का जुर्माना लग सकता है।

यूरो एयरपोर्ट का ऑपरेशन फिर शुरू हुआ

यूरो एयरपोर्ट (बेसल-मलहाउस एयरपोर्ट) को फिर से शुरू किया गया है। फ्रेंच पुलिस ने कुछ घंटे पहले बम हमले के खतरे को देखकर इसे बंद कर दिया था। अधिकारियों ने कहा कि फ्लाइट ऑपरेशन को धीरे-धीरे शुरू किया जा रहा है। यात्रियों को ये जांच करने को कहा गया है कि उनकी फ्लाइट कैंसिल हुई है या कितनी देरी से चल रही है। यूरो एयरपोर्ट दुनिया का एक मात्र ऐसा एयरपोर्ट है जिसका संचालन दो देश (फ्रांस-स्वीडन) करते हैं।

राजस्थान में पूर्व खिलाड़ियों को मिलेगी 20 हजार पेंशन

खिलाड़ियों का होगा 10 लाख का इंश्योरेंस, 11 साल बाद नई खेल नीति लाने की तैयारी

जयपुर। राजस्थान में 11 साल के लंबे इंतजार के बाद नई खेल नीति लाने की तैयारी की जा रही है। इसको लेकर खेल विभाग के अधिकारियों ने ड्राफ्ट तैयार कर लिया है। इसके तहत अब शहरों और गांव के साथ कस्बों और ढाणियों में भी खिलाड़ियों की तलाश के लिए प्रोग्राम चलाए जाएंगे। वहीं, पूर्व खिलाड़ियों को 20 हजार रुपए तक पेंशन और खिलाड़ियों को 10 लाख रुपए तक का इंश्योरेंस कवरेज दिया जाएगा। नई खेल नीति के तहत प्रदेश में पहली बार स्पोट् ?र्स पेंशन प्रोग्राम की प्लानिंग की जा रही है। इसके तहत एथलीट, पैरा एथलीट और कोच को हर महीने 20 हजार रुपए पेंशन के रूप में देने का प्रावधान किया गया है। यह पेंशन ओलिंपिक गेम्स, पैरा ओलिंपिक गेम्स, एशियन गेम्स, पैरा एशियन गेम्स, कॉमनवेल्थ गेम्स, पैरा कॉमनवेल्थ गेम्स में मेडल जीतने वाले खिलाड़ियों को दी जाएगी। इसके साथ ही अर्जुन और द्रोणाचार्य अवॉर्ड प्राप्त करने वाले कोच को भी इसमें शामिल किया गया है। नई नीति के तहत खिलाड़ियों को मेडिकल इंश्योरेंस की सुविधा भी दी जाएगी। इसके तहत इंटरनेशनल लेवल के खिलाड़ियों को 10 लाख और नेशनल लेवल के खिलाड़ियों को 5 लाख का इंश्योरेंस कवरेज दिया जाएगा। नई खेल नीति के ड्राफ्ट में फिट राजस्थान को लेकर भी प्लानिंग की गई है। इसके तहत कम्युनिटी लेवल इंगेजमेंट प्रोग्राम चलाए जाएंगे। इसमें रूरल कम्युनिटी इंगेजमेंट, अर्बन कम्युनिटी इंगेजमेंट, स्कूल और कॉलेज लेवल पर इंगेजमेंट प्रोग्राम चलाए जाएंगे, ताकि हर स्तर पर लोगों को फिट रखा जा सके। अधिक से अधिक लोगों को खेलों से जोड़ा जा सके। इसके साथ ही विभिन्न खेलों का भी आयोजन किया जाएगा। इसमें नेशनल लेवल और मल्टी स्पोर्ट्स खेल शामिल होंगे।

राजकीय महाविद्यालयों में रिक्त पदों को शीघ्र भरा जाएगा : बैरवा

जयपुर(बढ़ता राजस्थान)

उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेम चंद बैरवा ने शुक्रवार को विधानसभा में कहा कि राजकीय महाविद्यालयों में 1 हजार 936 रिक्त पदों के लिए राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा भर्ती परीक्षा आयोजित कर ली गयी है। उन्होंने आश्वस्त किया कि इस भर्ती से महाविद्यालयों के अधिकांश रिक्त पदों को भरा जा सकेगा।

उन्होंने बताया कि लाइब्रेरियन एवं शारीरिक शिक्षकों के 247-247 पदों पर भर्ती के लिये भी राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा लिखित परीक्षा का आयोजन किया जा चुका है। इन पदों को भी आगामी समय में भर दिया जाएगा। उच्च शिक्षा मंत्री प्रश्नकाल के दौरान सदस्य द्वारा इस संबंध में पूछे गए पूरक प्रश्नों का जवाब दे रहे थे।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस
दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।

उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही
कलर एवं ब्लैक मुद्रण
किफायती मुद्रण लागत
Printing Press
• Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
Office
• Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
• 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795
Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

राजस्थान के 12 जिलों में तेज बरसात का अलर्ट

जयपुर में हुई झमाझम बारिश, तापमान में भी आई गिरावट

जयपुर (बढ़ता राजस्थान)

राजस्थान में मानसून ने एक बार फिर रफ्तार पकड़ ली है। आज जयपुर, टोंक, सीकर सहित कई जिलों में सुबह करीब 5 बजे से रुक-रुककर बारिश हो रही है। लगातार बरसात से लोगों को गर्मी और उमस से राहत मिली है। मौसम विज्ञान केंद्र ने आज भी 12 जिलों में तेज बारिश का अलर्ट जारी किया है। केंद्र के अनुसार अगले एक हफ्ते तक मानसून प्रदेश में एक्टिव रहेगा। इससे पहले जयपुर में गुरुवार देर रात भी बारिश हुई।

इस दौरान कभी तेज तो कभी रिमझिम बरसात होती रही। शहर के कई इलाकों में सड़कों पर पानी भर गया है। प्रदेश में इस मानसून सीजन में अब तक (25 जुलाई) 175.5एमएम बारिश हो चुकी है, जो सामान्य बारिश से 3 फीसदी कम है। राजस्थान में

मानसून सीजन में अब तक सामान्य बारिश 180.8एमएम होती है। जिलेवार देखें तो दौसा जिले में सर्वाधिक बारिश 387एमएम हो चुकी है। पिछले 24 घंटे के दौरान सबसे ज्यादा बरसात बांसवाड़ा के केसरपुरा में 152 एमएम (6 इंच) दर्ज हुई। बांसवाड़ा के ही सज्जनगढ़ में 111, सलोपत में 132, दानपुर में 75, भीलवाड़ा के बिजौलिया में 74, बूंदी के नैनवां में 119, झालावाड़ के डग में 60, गंगधर में 70, झुंझुनूं के मलसीसर में 49, नवलगढ़ में 51, कोटा के कानावास में 129, लाडपुरा में 79, चेचत में 64 और सवाई माधोपुर के चौथ का बरवाड़ा में 96 एमएम बरसात दर्ज हुई। इनके अलावा टोंक, जयपुर, सीकर, नागौर, करौली, दौसा, चूरू, बीकानेर, बारां, अजमेर समेत कई जिलों में एक से दो इंच तक बरसात दर्ज हुई।

बीसलपुर के जलस्तर में आई कमी

बीसलपुर बांध और उसके आसपास के क्षेत्र में बारिश नहीं होने से जलस्तर में कमी आई है। जहां पिछले शुक्रवार को बांध का जलस्तर 310.26 आरएल मीटर था, वह गिरकर 310.17 आरएल मीटर दर्ज किया है। त्रिवेणी नदी में भी अभी पानी नहीं आया है। बांध में अभी 11.269 टीएमसी पानी है। पिछले 24 घंटे में बांध के कैचमेंट एरिया में केवल 4 मिमी बारिश दर्ज की है। एक्सईएन मनीष बंसल ने बताया कि पूरी मात्रा में सप्लाई की जाए तो बांध में अभी 8 महीने का पानी है।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं राजकीय महाविद्यालय के पास एन एच-12,बाईपास निवाई टोंक (राज.) से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*।
प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो.नं. 9414242258, 9214048888 टोंक कार्यालय फोन नं.01432-244881,निवाई 01438-222201,202,203, प्रधान कार्यालय :185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर (राज.)
फोन नं.0141-2796794,2796795,E-Mail-badhatarajasthan@yahoo.com, *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर महानगर होगा)